बिलासपुर, रविवार, 10 मई 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 28

पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

आज राजधानी में टकराएंगे रोहित-कोहली के धुरंधर!

विदेशी खिलाड़ियों को पंसद आया हमारा स्टेडियम, रोहित-बुमराह ने जमकर की प्रैक्टिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर आईपीएल मैच के वर्ल्ड क्लास रोमांच के लिए सज चुकी है। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आज होने वाले 'महामुकाबले' से पहले मुंबई इंडियंस के रणबांकुरों ने प्रैक्टीस मैच के दौरान मैदान पर जमकर पसीना बहाया है। एक तरफ जहाँ 'हिटमैन' रोहित शर्मा के गगनचुंबी शॉट्स ने दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं, वहीं जसप्रीत बुमराह की सटीक यॉर्कर और फिटनेस ड्रिल्स ने आरसीबी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आईपीएल 2026 का यह कारवां अब रायपुर की धरती पर इतिहास रचने को तैयार है। ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम तक जाने का रूट मैप जारी किया है, जिसके मुताबिक पार्किंग से स्टेडियम तक की दूरी डेढ़ 2 किलोमीटर है, ऐसे में अब क्रिकेट प्रेमी कार पासेस को लेकर एप्रोच लगा रहे हैं।

रोहित ने पुल शॉट का जमकर किया अभ्यास

स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने नेट्स पर घंटों पसीना बहाया। उन्होंने अपने सिग्नेचर 'पुल शॉट' का जमकर अभ्यास किया, जो कल आरसीबी के गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकता है।

बुमराह का फिटनेस मंत्र



दुनिया के नंबर वन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया। लगभग एक घंटे तक उन्होंने ट्रेनिंग स्टाफके साथ रन-अप और लाइन-लेंथ की बारीकियों पर चर्चा की।

विदेशी खिलाड़ियों का जलवा

टीम के सभी 7 विदेशी खिलाड़ी अभ्यास सत्र में शामिल हुए, जहां तेज गेंदबाजों ने अपनी गति और सटिक यॉर्कर की प्रैक्टिस की।

वार्मअप और मस्ती

खिलाड़ियों ने 18 मिनट तक कैचिंग प्रैक्टिस की। गंभीर अभ्यास के बीच खिलाड़ी कुछ लाइट मोमेंट्स और वीडियो शूट करते भी नजर आए।

- **10 मई (आज):** मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।
- **13 मई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स।
- **समय:** दोनों ही मुकाबले शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

ट्रैफिक एडवाइजरी

- प्रशासन ने दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष रूट मैप जारी किया है ताकि जाम की स्थिति न बने। मुख्य पार्किंग से स्टेडियम की दूरी लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर है, इसलिए समय से पहले घर से निकलें।
- **पार्किंग पास:** कार पास को लेकर भारी मांग देखी जा रही है, बिना पास वाले वाहनों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। पुलिस ने अपील की है कि दर्शक ट्रैफिक नियमों का पालन करें और निर्धारित रूट का ही उपयोग करें ताकि स्टेडियम समय पर पहुंच सकें।

आज बेबाक

बंगाल और असम में जिस तरह हिंदुओं ने एकजुट होकर हिन्दू धर्म का मजाक उड़ाने वाली पार्टियों को फूंक मारकर उड़ाया है उससे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली तमाम राजनीतिक पार्टियों के कर्णधारों के होश उड़ गए हैं। कल तक भगवान श्री राम को काल्पनिक बताने वाले धर्मद्रोही अब राम राम जपने लगे हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि सारे हिन्दू मिलकर उनकी पार्टी का राम नाम सत है, सबकी यही गत है न कर दें। बहुत जल्द ये सारे कालनेमि जनेऊ और तिलकधारी बन सकते हैं और मंदिरों में घंटा बजाते और भंडारा कराते नजर आ सकते हैं।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल बदला

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बदलते ही पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल बदल दिया। उन्होंने बायो में लिखा, 'फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और 15वीं,16वीं,17वीं विधानसभा की मुख्यमंत्री। इससे पहले उनके बायो में फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर,वेस्ट बंगाल लिखा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार कर दिया। ममता ने इस्तीफा नहीं दिया।

गरमा-गरम

पीएम मोदी ने घुटनों के बल बैठकर जनता को किया प्रणाम, दिलीप घोष समेत 5 मंत्री बने

सुवेंदु बंगाल में भाजपा के पहले सीएम

कोलकाता/ए.। सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया। बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। शपथ में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान पीएम ने भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम साय और दोनों डिप्टी सीएम

■ बंगाल में 'कमल' राज: शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम साय, शुवेंदु को दी बधाई

रायपुर/कोलकाता। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रियों और कैबिनेट मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री शनिवार सुबह शुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए शुवेंदु अधिकारी ने शनिवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत विकास की नई इबारत लिखेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शुवेंदु अधिकारी के समृद्ध राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2016 में पहली बार खाता खोला, 2026 में भाजपा का पहला सीएम

बीजेपी के गठन के बाद 1982 में पार्टी ने बंगाल में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी को खाता खोलने में 34 साल लगे और 2016 में उसने 3 सीटें जीतें। तब पार्टी का वोट शेयर 10.3% था। 2021 में भाजपा ने 38.4% वोट शेयर के साथ 77 सीटें हासिल कीं। इस बार पार्टी ने 45.84% वोट शेयर के साथ 207 सीटें हासिल कीं।

5 मंत्रियों ने ली शपथ

1. दिलीप घोष
2. अग्निमित्रा पॉल
3. अशोक कीर्तनिया
4. खुदीराम टूडू
5. निषिथ प्रमाणिक

तमिलनाडु में विजय सरकार का रास्ता साफ, वीसीके का समर्थन

■ बहुमत का आंकड़ा पार हुआ, कांग्रेस ने 5 विधायक हैदराबाद भेजे

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 5 दिन बाद भी एक्टर विजय के सरकार बनाने को लेकर सस्पेंस बरकरार है। विजय की टीवीके पार्टी के पास अभी 116 विधायकों का समर्थन है। उन्हें सरकार बनाने के लिए कुल 118 विधायक चाहिए।

दो सीटें जीतने वाली वीसीके थोड़ी देर में टीवीके को समर्थन देने पर अपने फैसले का ऐलान करेगी। इसके अलावा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के पास भी दो विधायक हैं। किसी एक पार्टी ने भी समर्थन दिया तो विजय के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बन सकती है। इस बीच कांग्रेस ने हॉर्स ट्रेडिंग के डर से अपने पांच विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है। पार्टी सूत्रों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वीसीके ने दिन में समर्थन की बात कही, रात तक कोई एक्शन नहीं

वीसीके के समर्थन की अटकलें पिछले 5 दिन से चल रही है। वीसीके चीफथिरुमावलवन ने शुक्रवार सुबह सार्वजनिक रूप से कहा था कि उनकी पार्टी टीवीके को समर्थन देगी। लेकिन देर रात तक समर्थन का औपचारिक पत्र नहीं सौंपा। इसके कारण विजय के सीएम पद की शपथ फिर से टालनी पड़ी।

राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह बनी आईएफएस,देश भर में 32वीं रैंक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के लिए गर्व का क्षण है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणामों में शहर की सुष्मिता सिंह ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। सुष्मिता ने देशभर में 32वां रैंक प्राप्त कर भारतीय वन सेवा के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है।

शिक्षा और करियर का सफर: सुष्मिता की प्रारंभिक शिक्षा राजनांदगांव के जेएमजे नवजीवन स्कूल और रॉयल किड्स स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने जैन इंटरनेशनल स्कूल, बिलासपुर से पढ़ाई की और डीपीएस भिलाई से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए वे देहरादून गईं, जहाँ यूपीईएस से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की। बीटेक के बाद उन्होंने एक साल तक निजी क्षेत्र में नौकरी भी की, लेकिन देश सेवा के जुनून के चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया और सिविल सेवा की तैयारी में जुट गईं।

पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपी में बने सिस्टम से प्रदेश में आंधी-तुफान बिजली गिरने का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। यूपी से ओडिशा तक बनी ट्रफ लाइन के असर से छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। शनिवार शाम रायपुर, दुर्ग और अंबिकापुर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। राजधानी के कई इलाकों में इस दौरान अंधेरा भी छाया रहा। भिलाई में आंधी तुफान के बाद छींटे पड़े। मौसम विभाग ने गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश में अगले 2 दिनों तक कुछ जगहों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। हालांकि 11 मई के बाद आंधी-तूफान की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने के संकेत हैं।

खुलासा: खाद्य अधिकारी, एजेंसी संचालक और दलाल ने रची 1.5 करोड़ की एलपीजी गैस गबन की साजिश

■ फर्जी पंचनामा बनाकर पुलिस को उलझाने की थी कोशिश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में सामने आए एलपीजी गैस गबन मामले ने प्रशासनिक और कारोबारी गठजोड़ की परतें खोल दी हैं। करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की गैस के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने तत्कालीन खाद्य अधिकारी अजय यादव, गौरव गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर और रायपुर के व्यवसायी मनीष चौधरी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि जब्त किए गए छह एलपीजी कैप्सूलों में मौजूद करीब 92 मीट्रिक टन गैस को चोरी-छिपे निकालकर बेच दिया गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जब्त कैप्सूलों पर पड़ी थी करोड़ों की नजर

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 24 दिसंबर 2025 को जब्त किए गए छह गैस कैप्सूल सिंघोड़ा थाना परिसर में सुरक्षित रखे गए थे। 26 मार्च 2026 को तत्कालीन खाद्य अधिकारी अजय यादव और गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर गैस की मात्रा का आकलन करने थाना पहुंचे। जांच में सामने आया कि छह कैप्सूलों में लगभग 105 मीट्रिक टन गैस मौजूद थी। इतनी बड़ी मात्रा देखकर दोनों के मन में करोड़ों रुपये कमाने की योजना बन गई। पुलिस के मुताबिक यहीं से पूरे गबन की पटकथा लिखी गई।

योजना का लाभ : 7 मई से लागू हुई नई व्यवस्था, 4% के बजाय अब लग रहा मात्र 2% पंजीयन शुल्क

रायपुर में रिकॉर्ड : 48 घंटे में 91 महिलाओं के नाम हुई प्रॉपर्टी

■ सैनिकों को भी स्टाम्प ड्यूटी में राहत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को संपत्ति के मालिकाना हक में सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई '50 प्रतिशत विशेष छूट' योजना का असर दिखने लगा है। योजना लागू होने के महज 48 घंटों के भीतर अकेले रायपुर जिले में 91 महिलाओं ने अपने नाम पर जमीन और मकान की रजिस्ट्री कराई है। सॉफ्टवेयर अपडेट होने के बाद पंजीयन कार्यालयों में महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या में 5 गुना तक का उछाल देखा गया है।

राज्य सरकार ने 7 मई से महिलाओं के लिए पंजीयन शुल्क में भारी कटौती की है। अब महिलाओं को संपत्ति पंजीयन के लिए 4 प्रतिशत के स्थान पर केवल 2 प्रतिशत शुल्क देना पड़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, योजना के पहले दिन यानी 7 मई को रायपुर जिले में 116 में से 15 रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हुईं। लेकिन दूसरे ही दिन, 8 मई को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रजिस्ट्री में महिलाओं को मिली बड़ी राहत

बचत का आंकड़ा: योजना के शुरुआती 2 दिनों में ही 91 महिलाओं ने रजिस्ट्री कराई, जिससे उन्हें कुल 34.51 लाख रुपये की सीधी बचत हुई।

शुल्क में कटौती: महिलाओं के लिए पंजीयन शुल्क को 4% से घटाकर 2% कर दिया गया है (50% की छूट)।

सॉफ्टवेयर अपडेट: राज्य सरकार के निर्देश पर 7 मई से पंजीयन विभाग ने नए सॉफ्टवेयर के साथ काम शुरू कर दिया है।

रुझान में उछाल: 7 मई को जहां केवल 15 महिलाओं ने रजिस्ट्री कराई थी, वहीं 8 मई को यह संख्या बढ़कर 76 हो गई (लगभग 5 गुना की वृद्धि)।

5 गुना बढ़ोतरी: एक ही दिन में महिला रजिस्ट्री का आंकड़ा 15 से बढ़कर 76 पहुंचा।

कुल बचत: दो दिनों में महिलाओं ने कुल 34 लाख 51 हजार 587 रुपए बचाए।

सैनिकों को भी तोहफा: सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों को 25 लाख तक की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में 25% की छूट।

शर्तें: सैनिकों के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना और संबंधित दस्तावेज अनिवार्य।

सुब्रमणि होंगे अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

■ 31 मई को संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्र सरकार ने भारतीय सेना के अनुभवी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि (रिटायर्ड) को देश का नया चीफऑफडिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। वह 31 मई, 2026 को कार्यभार ग्रहण करेंगे। सुब्रमणि मौजूदा सीडीएस जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है।

थिएटर कमांड को मिलेगी गति: लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि की नियुक्ति सैन्य जगत में बेहद अहम मानी जा रही है। उनके कंधों पर सेना के तीनों अंगों (थल, जल और नभ) के एकीकरण और बहुप्रतीक्षित 'थिएटर कमांड' की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। सीडीएस के साथ-साथ वे सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं देंगे।

शानदार रहा है सैन्य सफर: दिसंबर 1986 में 'गढ़वाल राइफल्स' से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत सरकार
सोमनाथ
अनंत काल का अनुभव

सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥

सोमनाथ
विरासत के 75 साल

सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।

S-47772



"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
— प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी —
(अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)

इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें

मुख्य गतिविधियां

कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन

श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन

8 से 11 मई, 2026

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

बोर चालू करने को लेकर घर में घुसकर मारा

पानी को लेकर मारपीट, युवक गंभीर ऑटो ड्राइवर पर कुल्हाड़ी से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में पीने के पानी को लेकर सिर फुटौव्वल हो गया। आरोप है कि मोटर पंप चालू करने के विवाद पर ऑटो ड्राइवर के घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल है, उसे इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार महिमा नगर शज्जाद अली ऑटो चालक है। वह 7 मई की रात ऑटो चलाकर घर लौटा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के चलते मोटर पंप अपने आप चालू हो गया। सुबह शज्जाद पानी भरने गया, तब रात में बोर चालू कर पानी भरने को लेकर पड़ोसी कुनाल मानिकपुरी और उसके रिश्तेदार ने विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान शज्जाद ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि उसने मोटर चालू नहीं किया, जिसके बाद मामला किसी तरह शांत हुआ।इसी विवाद को लेकर कुनाल मानिकपुरी उसके घर में घुस आया। मोटर पंप को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद उसके घर पहुंच गए। इस दौरान शज्जाद पर कुल्हाड़ी और गमले से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। घायल शज्जाद ने आरोप लगाया कि, घटना के बाद आरोपी यह अफवाह फैला रहे हैं कि उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट की और उसी कारण वह अस्पताल पहुंचा। पीड़ित ने इसे गलत और भ्रामक बताया है। घटना की सूचना मिलने पर सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया कि मामले में हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्लेटफॉर्म, पेयजल और स्टेशन परिसर की रखें सफाई: गुप्ता

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता द्वारा आज 9 मई को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से मंडला फोर्ट रेलखंड तक विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण रेल संरक्षा, परिचालन व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं के समग्र मूल्यांकन के उद्देश्य से किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक विशेष निरीक्षण यान द्वारा तय समय अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से प्रस्थान कर निरीक्षण के दौरान रेल पथ, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, विद्युत संरचना, स्टेशन परिसरों की व्यवस्थाओं तथा संरक्षा संबंधी पहलुओं का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। मंडला फोर्ट स्टेशन पहुंचने पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली तथा स्टेशन परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेकर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए।



धरती पर ईश्वर का साक्षात स्वरूप : मां

मां *केवल एक शब्द नहीं ब्लकि पूरे जीवन की सबसे बड़ी भावना है। कहते हैं कि भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हमे जीवन की हर कठिनाई से लड़ने की शक्ति देता है। वैसे तो मां के लिए आभार व्यक्त करने के लिए हर दिन होता है लेकिन हर साल मई में मां के सम्मान के लिए मदर्स डे का आयोजन होता है। 2026 में मदर्स डे (मातृ दिवस) 10 मई रविवार को मनाया जाएगा। यह ऐसा खास अवसर होता है जब हम अपनी मां के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करते हैं। इस दिन बच्चे भी अपनी मां के त्याग, प्रेम और देखभाल पर निबंध लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इसलिए यहां दिल छू लेने वाली लाइनों के साथ मदर्स डे पर निबंध आसान शब्दों में दिया जा रहा है। हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। यह दिन मां के प्रति सम्मान, प्रेम और आभार व्यक्त करने के लिए होता है। इसकी शुरुआत अमेरिका में हुई थी। धीरे-धीरे यह दुनिया के अन्य देशों में मनाया जाने लगा। मदर्स डे इसलिए मनाया जाता है ताकि हम अपनी मां के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और देखभाल को याद कर सकें और उन्हें विशेष महसूस करा सकें। यह दिन मां के महत्व को समझने और उन्हें धन्यवाद देने का अवसर देता है।*

••• इतिहास: एक बेटी की अपनी माँ को श्रद्धांजलि •••

'माँ'—यह सिर्फएक शब्द नहीं, बल्कि पूरी कायनात का सार है। संसार की सबसे निस्वार्थ भावना और प्रेम की अंतिम सीमा का नाम ही माँ है। अक्सर कहा जाता है कि ईश्वर हर जगह मौजूद नहीं रह सकते थे, इसलिए उन्होंने माँ की रचना की। माँ वह शक्ति है, जो खुद जलकर हमारे जीवन को रोशन करती है और जिसका प्यार किसी तारीख या दिन का मोहताज नहीं

होता। मदर्स डे की शुरुआत के पीछे एक भावुक कहानी छिपी है। अमेरिका की एना जार्विस ने अपनी माँ की याद में इस दिन की नींव रखी थी। उनकी माँ एक समाज सेविका थीं। एना चाहती थीं कि दुनिया की हर माँ को उनके जीते-जी वह सम्मान मिले जिसकी वे हकदार हैं। 1908 में शुरू हुआ यह सिलसिला 1914 में आधिकारिक बना और आज यह हर घर के उत्सव का हिस्सा है।

मां, मम्मी, अम्मी, आई और मॉम
इन शब्दों को देती वो सच्चा अर्थ है।
जो कर न सकूं मैं तेरी बंदगी तो मां
मेरा ये जन्म लेना ही व्यर्थ है।
हैप्पी मदर्स डे

10 मई 2026 : कृतज्ञता का रविवार

यूं तो माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए साल के 365 दिन भी कम हैं, लेकिन हर साल मई महीने का दूसरा रविवार पूरी दुनिया को यह याद दिलाने आता है कि हम उस हस्ती को शुक्रिया कहें जिसने हमें यह दुनिया दिखाई। इस बार 10 मई 2026 को 'मदर्स डे' मनाया जाएगा। यह दिन उस निस्वार्थ त्याग को सलाम करने का है, जो एक माँ खामोशी से हर दिन करती है।

अपनी भूख त्याग कर हमारा पेट भरती है मां

माँ का अर्थ ही 'त्याग' है। वह घर की वह धुरी है जिसके इर्द-गिर्द पूरा परिवार घूमता है। एक माँ की दिनचर्या कभी खत्म नहीं होती। वह सबसे पहले जागती है और सबसे अंत में सोती है। वह बिना किसी वेतन या छुट्टी के काम करती है, और उसका एकमात्र 'रिवॉर्ड' उसके बच्चों की एक मुस्कान होती है। जैसा कि लेख की दिल छू लेने वाली पंक्तियाँ कहती हैं– "उसकी गोद में सिर रखते ही हर दर्द कहीं खो जाता है।"

बदलते दौर में मदर्स डे का स्वरूप

आज के डिजिटल युग में भले ही हम कार्ड्स, चॉकलेट और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए माँ को विश करते हों, लेकिन इस दिन का असली उद्देश्य उनकी भावनाओं को समझना है। स्कूलों में बच्चे कविताएं पढ़ते हैं, तो कहीं घर पर बच्चे माँ के लिए खाना बनाकर उन्हें आराम देने की कोशिश करते हैं। यह दिन हमें सिखाता है कि माँ के योगदान का मोल किसी उपहार से नहीं, बल्कि उन्हें दिए गए समय और सम्मान से चुकाया जा सकता है।

मां के सम्मान का प्रतीक मदर्स डे

मदर्स डे सिर्फएक त्योहार नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। इस दिन बच्चे अपनी मां को गिफ्ट देते हैं, कार्ड बनाते हैं और उनके साथ समय बिताते हैं। कई लोग अपनी मां के लिए खास खाना बनाते हैं या उन्हें घूमाने भी ले जाते हैं। यह दिन मां के त्याग और निस्वार्थ प्रेम को याद करने का मौका देता है। आज के डिजिटल दौर में मदर्स डे सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड करता है। लोग अपनी मां के साथ तस्वीरें और इमोशनल मैसेज शेयर करते हैं। यही वजह है कि यह दिन दुनियाभर में भावनाओं और प्यार का प्रतीक बन चुका है।

व्यंग्य रचना : एक और एक तीन

डॉ. किशोर अग्रवाल

बैसाखियों पर चढ़कर ऊपर आये एक उम्मीदवार का कमाल देखें। इसने पाँच सौ अंकों में से ग्यारह नंबर अर्जित किये, लगभग दो प्रतिशत अंक और अब यह स्कूल के मेधावी छात्रों को गणित पढ़ाने के लिये चयनित हो गया। स्वर्ग में बैठे रामानुजाचार्य के दिल की धड़कनें दोबारा बंद हो गयी होंगी। यह अपने दो प्रतिशत अंकों तक तो शायद पढ़ा भी ले पर आगे यह एक और एक तीन ही पढ़ाएगा। इसके पढ़ाए छात्रों को अब आगे कौन पढ़ाएगा। आरक्षण अवसरों से वंचित लोगों को अवसर देने के लिये था या नालायकों को दामाद बनाने के लिये, यदि ऐसा कोई प्रावधान किया गया हो तो कोई समझा दे। नयी पीढ़ी की नींव में मट्ठा डालने के लिये इनको रखने की जगह इन्हें ऐसी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने की बधाई का एक प्रमाणपत्र और फूलों का हार पहनाकर सरकारी रोल पर 'संरक्षण भत्ता' का पात्र बना लेना चाहिए; कम से कम वास्तव में अध्ययन हेतु स्कूल में बैठा छात्र एक और एक तीन पढ़ने से बच जाएगा। सब तरफसे घेर घार कर विकास के मचान के नीचे लाया गया यह जीव स्कूल में पढ़ाने तो आया नहीं है। पढ़ने से तो इसका दूर का भी नाता नहीं है। यह आया है वेतन लेने, इसे सिर्फसरकारी रुपया चाहिए। तो इनके लिए शुरू करनी चाहिए ÷लाड़ले गुरुजी योजना÷, जिसमें सिर्फफॉर्म भरने के कारण ही चयन हो जाना चाहिए और ये संतों की तरह ही अपने स्थान पर पूजे जाने चाहिए, अर्थात इनका वेतन घर बैठे इन्हें पहुँचा देना चाहिए। जिन बच्चों को बिना आरक्षण अपने प्रयास से इस संसार में जगह बनानी है उन्हें कोई अच्छा गुरुजी दे देना चाहिए जो दो जमा दो को चार कहता हो पाँच नहीं। ये वहाँ बेइज्जती से भी बचेंगे क्योंकि अभी के बच्चे जो 98-99 प्रतिशत अंक ला रहे हैं, वे इन्हीं को कहीं पढ़ाकर घर वापस न भेज दें। इसलिए इन लाड़लों को घर पर ही शासकीय वजीफा दे दिया जाना चाहिए जो इस एवज में दिया जाए कि न पढ़ाकर इन्होंने अगली पीढ़ी को नष्ट होने से बचा लिया। इस उपकार से प्रसन्न राष्ट्र इनकी इन सेवाओं के लिये वजीफा देता है तो वह हर तरह से उचित होगा। यह अपने समय का उपयोग अपने घर के बच्चों को पढ़ाने में करें। उन्हें इधर उधर किताबें व छात्रवृत्तियाँ देकर पढ़ाने के बजाय इस पितृ गुरुकुल में वे पढ़ें- क्योंकि दो प्रतिशत अंक तो वे ऐसे भी ले ही आएँगे और पीढ़ी दर पीढ़ी जब आरक्षण देना ही है तो दिखावटी आडंबर की जगह इन लाड़ले गुरुजियों के लाड़ले छात्रों को भी चयन परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता दे देनी चाहिए। सरकारें पिछड़ों को ऊपर उठाना चाहती हैं, यह भले का काम है। पर अपने स्कूल जाकर पढ़कर तो ये ऊपर उठे नहीं, तब पढ़ाकर क्या तो ये ऊपर उठेंगे और क्या ही ये किसी को उठाएंगे। इनसे पढ़ा हुआ छात्र एकदम ही ऊपर न उठ जाए कहीं। इन्हें ऊपर उठने को वेतन चाहिए वह वैसे ही दे देना चाहिए। छात्रों के सिर पर बैठाकर उन्हें कुंद होने से बचा लेना बच्चों पर एक उपकार होगा। चलो यहाँ तक तो ठीक है कि बच्चे पढ़ें, कम पढ़ें या ना भी पढ़ें, मूढ़ रह जाएं पर जिंदा तो रहेंगे। पर माइनस दो नंबर लाने वाला डॉक्टर जब नीट पीजी में आगे शिक्षा के लिये पात्र हो जाए और पंजीयन करा ले तो मरीजों का भगवान भी मालिक नहीं है। क्रांति विश्व भर में हो रही है। अमेरिका ए.आई. बना रहा है। रूस कैंसर की दवा बना रहा है। चीन सबसे बड़ा हाइवे बना रहा है। पर हम माइनस चालीस अंक पाने वालों को डॉक्टर बना रहे हैं। इस चमत्कार के आगे विश्व नतमस्तक और हतप्रभ है। अगर आप के बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर है तो आप कभी वकील और डॉक्टर न ढूँढें। पुलिस आपको न ढूँढें और माइनस अंक पाये पीजी डॉक्टर तो आपको कभी भी न मिलें। शरीर की जटिल संरचना बहुत नाजुक होती है! बुद्धिमान से बुद्धिमान डॉक्टर जटिल बीमारियों के इलाज में दस बार सोचते हैं। यहाँ सौ प्रतिशत पा जाने पर भी शरीर की जटिलता को समझ पाना आसान नहीं। जितना पढ़ने में चूके उतना ही मरीज के सिर पर कफन की आशंका बढ़ जाती है, पर माइनस नम्बर पाने वाला भी बना बैठा है डॉक्टर, ये हो क्या रहा है देश में। कोई डॉक्टरी पास किया व्यक्ति यदि पी.जी. की नीट परीक्षा में माइनस नंबर लाता है और अगर वह पहले डॉक्टरी कर रहा था तो उसका मतलब यही था कि यदि वह किडनी को स्प्लीन और धमनी को शिरा समझ रहा था तो यह उसका दोष नहीं। कॉलेज ने पढ़ाया और विश्वविद्यालय ने डिग्री संभलवा दी। अब वह पीजी भी करेगा, विशेषज्ञ भी बनेगा, आखिर माइनस में नंबर जो लाया है। आर.टी.ओ. के सारे टेस्ट पास किये बिना तो ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं मिलता पर माइनस मार्क लेकर डॉक्टर मरीज को चाकू घोंपने का लाइसेंस पा जाता है। ये वीआईपी लोगों के स्वास्थ्य व क्षेम की भी रक्षा करते हैं।अस्पताल में अपना विभाग चलाते हैं और इनके नीचे पी.एच.डी. करने वाले यमदूत बनकर निकलते हैं। भगवान न करे आपके साथ दुर्घटना हो जाए या किसी कारण सरकारी अस्पताल में जाना पड़ जाए तो दुर्घटना की चोटों से आप बच भी जाएं इन माइनस मार्किया डॉक्टरों के इलाज से कदापि नहीं बच सकेंगे! सेना में बहादुरी की जगहों पर, फाइटर पायलट बनाने की परीक्षाओं में, राष्ट्रीय सुरक्षा यूनिटों के गठन में वी.आई.पी. के अंगरक्षकों में तब क्यों काबिल लोगों की तलाश होती है? क्या हुआ जो बंदूक चलाना नहीं आता, निशाना नहीं लगा सकता, देश का गौरव तो बढ़ा सकता है। क्योंकि इनका विकास ही तो परम लक्ष्य है! पर वहां शत प्रतिशत चाहिए।

" जनगणना "

रोशन साहू

जनगणना होही दू चरण म, नीति-नियम बर हावय खास।
देस राज बर हावय जरूरी, होय सपूरन सबके आस।।
सूची बनही घर के पहिली, जनगणना हा होही बाद।
माह फरवरी चरण दूसरा, रखिहव संगी येला याद।।
काकर बर का लेना- देना, हम करथन पहिली अंताज।
लोगन मन के हित खातिर हे, उहि किसम सरकार ला आज।।
सीमित हावय सब संसाधन, देस राज कस घर परिवार।
होय सरोखा सबो बात के, उन्नति के बनथे इहि अधार।।
जनगणना हे डिजिटल संगी, स्वगणना मोबाइल ऐप।
बात गोपनीय रहही सबो, झन शरमाबे झन तँय झेंप।।
के झन हावय घर मा मनखे, जाति लिंग मुखिया के नाम।
जरे मंझनिया झांझ-झोला, सँहरावव प्रगणक के काम।।
घर- घर के पंजीकरण फेर , काय जिनिस के बने मकान।
गुजर-बसर मनखे मन करथें, या वोमा हे खुले दुकान।।
काय जिनिस के छानी-परवा,का जिनिस के फर्श दीवार।
लगे हवे का टाइल्स मार्बल, साँची बात बतावव यार।।
कोठा-कुरिया के ठन हावय, अउ कइसे हे घर के हाल।
बर-बिहाव अउ पढ़ई-लिखई, प्रगणन के तैंतीस सवाल।।
रँधनी कुरिया पानी-कांजी, हवे येकर कइसन निस्तार।
कम्प्यूटर मोबाइल हावय, काय हावय फटफटी कार।।
झटक-पुदक नइ लेगे कोनो, हावय तेला साँच बताव।
हवे जरूरी सब जानकारी,कोनो जिनिस ला झन छिपाव।।
गैस,बिजली, रेडियो, टी. वी, अउ चलथे का इंटरनेट।
सबो बात ला जाने खातिर, रोज करत हें प्रगणक भेंट।।
यहू बात ला घलो बतावव, खाथव संगी काय अनाज।
अउ मोबाइल नंबर देवव, येकरे ले अब सबो काज।।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे लेकिन मन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वाश करेगा।

वृष: आज का दिन पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे। प्रातः काल से ही व्यवसाय अथवा किसी आवश्यक घरेलू कार्य में विलंब होने की चिंता रहेगी लेकिन दोपहर बाद सही कार्य स्वतः ही व्यवस्थित होने लगेंगे।

मिथुन: आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है। आज कोई भी कार्य करने से पहले उसकी रूप रेखा अवश्य बना कर चले साथ ही हानि लाभ की समीक्षा भी पहले ही कर ले अन्यथा समय और धन की बर्बादी हो सकती है।

कर्क: **आज के दिन आपका मन काल्पनिक** दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे। कमर से नीचे के भाग में कोई नया रोग उभरने की संभावना है।

सिंह: आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे। कार्य व्यवसाय सामान्य रहेगा लेकिन आकस्मिक कार्य आने पर उचित समय नही दे पाएंगे।

कन्या: आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे इससे मान सम्मान में वृद्धि के साथ ही नुकसान में भी कमी आएगी।

तुला: आज के दिन भी शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थित को भांप कर ही व्यवहार करेंगे परन्तु सामने वाला आपकी परिस्थिति का खयाल नही करेगा।

वृश्चिक: आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे चाहे नुकसान ही क्यो ना हो।

धनु: आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी। सेहत में कुछ ना कुछ नुक्स लगा रहेगा।

मकर: आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

कुंभ: आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे लेकिन केवल स्वार्थ पूर्ति के लिए ही अंदर से आदर का भाव नही रहेगा।

मीन: आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा। समाज से सम्मान तो मिलेगा इसके लिए व्यस्तता से समय भी निकालना पड़ेगा।

QUIZ TIME

1) भारत के किस राज्य में गाँवों की संख्या सर्वाधिक है?

2) दृष्टिबाधितों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई?

3) युद्ध अनाथों का विश्व दिवस कब मनाया जाता है?

4) 2025 में किस भारतीय राज्य ने अब तक का सबसे ज्यादा अंगदान किया?

5) संगीत कलानिधि पुरस्कार 2026 किस वायलिन वादक को मिला?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तरप्रदेश , 106747 (2) उत्तरप्रदेश (3) 06 जनवरी (4) कर्नाटक (5) आर. के. श्रीरामकुमार

पहेली

शब्द सामर्थ्य -033

बाएं से दाएं
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. स्नेह, प्रेम 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने की उग्रता होना, जोश में आना, क्रोधाधिक्य में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विकल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिक्रमा 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, सौगात 15. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल

सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिलें : टंक राम वर्मा

सुशासन तिहार : मंत्री टंकराम वर्मा ने झुमका में ग्रामीणों को बांटी खुशियां

❑ **ट्रैक्टर की चाबी और चेक पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ सरसीवा तहसील के ग्राम पंचायत झुमका में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए।

मंत्री वर्मा ने शिविर में विभागीय स्टालों का अवलोकन कर आवेदन निराकरण की स्थिति जानी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को ट्रैक्टर की चाबी, अनुदान राशि के चेक, प्रमाण पत्र और अन्य सामग्री भेंट कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए।

इस शिविर में कुल 2310 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे से 272 का तत्काल निराकरण किया गया। एक कृषक हितग्राही को ट्रैक्टर खरीदी पर 2.50 लाख रुपये का अनुदान और कई किसानों को बोर खनन हेतु 43 हजार रुपये के चेक वितरित किये गए। इसी तरह नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को उपहार और आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया।

विभागीय लाभों का पिटारा

शिविर में प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से बड़ी संख्या में लाभान्वित किया गया। शिविर में किसान पुस्तिका, बी-1 और विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी तरह मत्स्य एवं खाद्य विभाग द्वारा मछुआरों को जाल और पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड सौंपे गए। दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति और प्रधानमंत्री आवास के पूर्णता प्रमाण पत्र बांटने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।?÷प्रधानमंत्री आवास योजना के हर पात्र हितग्राही को उनका हक मिलेगा, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिविर में प्राप्त एक-एक आवेदन का निराकरण समय-सीमा के भीतर हो। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय,और ग्राम पंचायत झुमका के सरपंच धनंजय साहू,कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू,सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए विभिन्न योजनाओं के लिए अपना पंजीयन कराया।

तिहार से जरूरतमंदों की खिल रही मुस्कान

❑ **राजनांदगांव की पुष्पकला को मिला निः शुल्क ईलाज**

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार जनमानस के जीवन में मुस्कान एवं राहत लेकर आई है। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त हो रही है और जनमानस की समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। वहीं जनसामान्य में भी अपने समस्याओं के प्रति समाधान के प्रति जागरूकता आयी है।

इसी कड़ी में आज राजनांदगांव शहर के शंकरपुर स्कूल में वार्ड क्रमांक 7, 9 एवं 10 के लिए आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंची पुष्पकला मेश्राम ने निःशुल्क ईलाज मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि शुगर एवं ब्लड प्रेशर की समस्या होने के कारण वे अपना ईलाज कराना चाहती थी, लेकिन डॉक्टर के पास नहीं जा पा रही थी। उन्होंने आज शिविर में मोबाईल मेडिकल यूनिट में शिविर में शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉक्टर ने स्वास्थ्य के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी एवं परामर्श दिया तथा समय पर दवाई लेने के लिए कहा। पुष्पकला मेश्राम ने सरकार को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंदों का ध्यान रख रही है। ऐसे शिविर में निःशुल्क इलाज मिलने से सुविधा मिल रही है। शिविर से आम जनता को बहुत लाभ मिल रहा है और शासन की योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य योजनाओं से नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

सिमड़ा शिविर में 4 हितग्राहियों को मिली पीएम आवास की खुशियों की चाबी

❑ **पक्के घर का सपना हुआ साकार, हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित ÷सुशासन तिहार 2026÷ के तहत आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मौके पर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 4 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों की चाबी सौंपी गई। लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम सिमड़ा की जेरोम, मयूरचुंदी के बीरबल यादव, करडेगा के टूना राम तथा जगदीश यादव शामिल हैं। पक्के मकान की चाबी पाकर सभी हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें बारिश, धूप और अन्य कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उनका सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का सपना साकार हुआ है और अब वे अपने परिवार के साथ नए घर में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करेंगे। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

सुशासन तिहार 2026: सिमड़ा शिविर में हितग्राहियों को मिले राशन कार्ड

❑ **गांव के नजदीक मिला समाधान, महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित ÷सुशासन तिहार 2026÷ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। ÷गांव-गांव, द्वार-द्वार÷ पहुंच रही प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। शिविर में कुल 5 हितग्राहियों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम सिमड़ा की अनामिका टोप्पो, मयूरचुंदी की लीलावती गोंड तथा सेली खेस की गीता सिंह सहित अन्य हितग्राही शामिल हैं।

राशन कार्ड प्राप्त होने पर महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। हितग्राहियों ने कहा कि सुशासन तिहार उनके लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ है। अब उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि प्रशासन स्वयं गांव के नजदीक पहुंचकर त्वरित समाधान उपलब्ध करा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

सुशासन तिहार भरोसे का आधार

दीमक से नष्ट हुई किसान किताब की मिली नई प्रति, नीतू मार्को के चेहरे पर लौटी मुस्कान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। शासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली और प्रशासनिक तत्परता का एक प्रेरणादायक उदाहरण गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पंचायत सकोला में देखने को मिला, जहां एक किसान की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान बेहद कम समय में किया गया। ग्राम पंचायत सकोला निवासी नीतू मार्को की किसान किताब दीमक लगने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। किसान किताब खराब हो जाने से उन्हें खेती-किसानी से जुड़े कई आवश्यक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था स देवरीकला शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही राजस्व विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नीतू मार्को को किसान किताब प्रदान किया गया स नीतू मार्को ने बताया कि किसान किताब के नहीं रहने के कारण बैंकिंग कार्य, राजस्व संबंधी प्रक्रियाएं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही थी। अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर नीतू मार्को ने सुशासन तिहार के अंतर्गत देवरीकला में आयोजित समाधान शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही राजस्व विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं प्रक्रिया पूरी कर अल्प समय में किसान किताब की द्वितीय प्रति तैयार कर नीतू मार्को को उपलब्ध करा दी।

औरदा में साकार हुए सपनों के आशियाने

❑ **सुशासन तिहार : औरदा में साकार हुए सपनों के आशियाने, हितग्राहियों को मिलीं पक्के मकानों की चाबियां**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत आज विकासखंड पुसौर के ग्राम औरदा में खुशियों की नई किरण दिखाई दी। जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र हितग्राहियों को उनके नए पक्के घरों की चाबियां सौंपी गईं और पूरे रीति-रिवाज के साथ गृह प्रवेश कराया गया।

कच्चे मकानों के कष्ट से मिली आजादी

शिविर में ग्राम पंचायत सुकूलभठली के संतराम, माला प्रधान और रामकुमार चौहान, ग्राम पंचायत जकेला की चंद्रमा गुप्ता तथा औरदा की जयंती साव व अहिल्या पाव को पक्के मकानों की सौगात मिली। वर्षों तक टूटे-फूटे कच्चे मकानों में संघर्ष करने वाले इन परिवारों के चेहरे पर पक्का घर मिलने का संतोष साफझलक रहा था। हितग्राही रामकुमार चौहान ने भावुक स्वर में बताया कि अब सुरक्षित है मेरा परिवार। बरसात के दिनों में हमारे कच्चे मकान की छत से पानी टपकता था, जिससे पूरा परिवार रात भर जागकर गुजारता था। पक्का मकान मिलना हमारे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। अब हम सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रह रहे हैं। एक अन्य हितग्राही कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल ईंट-पत्थर का मकान नहीं, बल्कि उनके बच्चों की बेहतर शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा का आधार है।

हितग्राहियों को मिलीं पक्के मकानों की चाबियां

सुशासन तिहार का उद्देश्य

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2026 का आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उस मंशा के अनुरूप किया जा रहा है, जिसमें शासन की योजनाओं का लाभ सीधे और त्वरित रूप से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। औरदा शिविर में न केवल आवास की चाबियां बांटी गईं, बल्कि विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण कर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। औरदा और आसपास की पंचायतों के हितग्राहियों में से 6 परिवारों का गृह प्रवेश के लिए मिली चाबियां। शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया गया। पक्के आवास से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार और आत्मविश्वास में वृद्धि।

अब घुटनों के बल चलने की मजबूरी थमी...

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की 'सुशासन' की संकल्पना अब धरातल पर उन चेहरों पर मुस्कान बनकर लौट रही है, जो वर्षों से अभावों में जी रहे थे। धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिवनीकला में आयोजित 'सुशासन तिहार' एक ऐसा ही मंच बना, जिसने दिव्यांग जीवन लाल साहू के संघर्षपूर्ण जीवन को नई गति और गरिमा प्रदान की है।

सिवनीकला निवासी जीवन लाल साहू बचपन से ही दोनों पैरों की गंभीर दिव्यांगता का दंश झेल रहे हैं। दशकों तक उन्होंने वह दर्द सहा है, जहाँ चंद कदमों की दूरी तय करने के लिए उन्हें घुटनों के बल रेंगना पड़ता था। शारीरिक अक्षमता के बावजूद जीवन लाल ने कभी खुद को बेबस नहीं माना। वे न केवल अपने परिवार की दो एकड़ कृषि भूमि की देखरेख में हाथ बंटाते हैं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान के साथ जीवन यापन कर रहे हैं।

ट्राइसाइकिल से मिली जीवन के सपनों को नई रफ़्तार

जीवन लाल के परिवार को शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का निरंतर लाभ मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन के रूप में 500 रुपए की ?आर्थिक सहायता और राशन कार्ड के जरिए हर महीने मिलने वाला 35 किलो चावल मिल रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से मौके पर ही ट्राइसाइकिल की उपलब्धता से अब कही आने जाने में समस्या नही होगी। जब जीवन लाल को ग्रामीणों से 'सुशासन तिहार' के बारे में पता चला, तो वे अपनी अर्जी लेकर समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर पहुँचे। जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का आलम यह था कि उनके आवेदन पर बिना किसी विलंब के तत्काल कार्यवाही की गई और शिविर स्थल पर ही उन्हें निशुल्क ट्राइसाइकिल भेंट की गई। इस पर जीवन लाल ने कहा कि अब मुझे खेत जाने या गांव में कहीं भी आने-जाने के लिए दूसरों का मुँह नहीं ताकना पड़ेगा। यह सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि मेरे लिए नए पैर हैं जो मुझे आत्मनिर्भर बनाएंगे। ट्राइसाइकिल पाकर भावुक हुए जीवन लाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि सरकार की इस संवेदनशीलता ने उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। धमतरी के इस सुशासन तिहार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन द्वार तक पहुँचता है, तो अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का जीवन वाकई बदल जाता है। जीवन लाल की यह कहानी प्रदेश के हजारों दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा और सुशासन के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जशपुर जिले में 65 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

❑ **एक मूकबधिर जोड़े सहित हिंदू एवं ईसाई समुदाय के नवदंपत्तियों ने साथ निभाने की ली जीवनभर की शपथ**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जशपुर जिले में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के विभिन्न परियोजना क्षेत्रों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल 65 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें हिंदू एवं ईसाई दोनों समुदायों के जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि बगीचा परियोजना क्षेत्र में एक दिव्यांग (मूकबधिर) जोड़े ने भी विवाह बंधन में बंधकर सभी के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।

परियोजना बगीचा में 13 हिंदू एवं 7 ईसाई समुदाय के कुल 20 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। परियोजना कांसाबेल में 9 हिंदू एवं 3 ईसाई समुदाय के कुल 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसी प्रकार परियोजना बागबहार में 6 हिंदू एवं 26 ईसाई समुदाय के कुल 32 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रमों में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता, सादगी और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें 8 हजार रुपये विवाह आयोजन व्यय, 7 हजार रुपये की उपयोगी उपहार सामग्री तथा 35 हजार रुपये की राशि वधु के नाम चेक के रूप में प्रदान की जाती है। साथ ही नवदंपत्तियों को वैवाहिक प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराने का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना से न केवल परिवारों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि समाज में सामूहिक विवाह की सकारात्मक परंपरा को भी बढ़ावा मिल रहा है।

घोघरा डेम में हाथी शावक की मृत्यु वन विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत सिंघीझाप स्थित घोघरा डेम में लगभग 6 माह के एक हाथी शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 7 मई 2026 को लगभग 20 हाथियों का एक दल बोजिया परिसर से सिंघीझाप क्षेत्र की ओर गया था। देर रात यह दल वापस लौटते समय घोघरा डेम के पानी में उतरा, जहां संभवतः शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। इसके बाद हाथियों का अधिकांश दल लोटान क्षेत्र की ओर चला गया, जबकि कुछ हाथी वहीं आसपास रुके रहे। कल 8 मई को नियमित गश्त के दौरान हाथी ट्रैकर्स ने घोघरा डेम में शावक को मृत अवस्था में देखा और इसकी सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम में डॉ. आशिष राठिया, डॉ. विवेक नायक और डॉ. अनिल कुमार सिंह शामिल थे। विशेषज्ञ टीम की उपस्थिति में हाथी शावक का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच के लिए विषरा नमूने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , इज्जतनगर बरेली (उत्तर प्रदेश) तथा नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर के वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ विभाग को भेजे जा रहे हैं।

एनसीईआरटी के भाषा समर कैंप अवधारणा को लेकर जिले में मिनी समर कैंप 2026 का आयोजन

कांकेर/ नवप्रदेश। भारत सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, एनसीईआरटी एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर व एससीईआरटी रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा कार्यालय, उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं करियर मार्गदर्शन हेतु मिनी समर कैंप 2026 आयोजन की अभिनव पहल की गई है। यह कैम्प पूर्ण रुप से पालक की सहमति से प्रातः 7 बजे से 10.30 बजे तक संचालित किया जा सकता है।ज्ञातव्य है कि एससीईआरटी रायपुर द्वारा भाषा समर कैंप की अवधारणा प्रस्तुत की गई हे जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता एवं अधिगम क्षमता का विकास करना था। इसी अवधारणा को स्थानीय आवश्यकताओं एवं विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा अद्यतन एवं विस्तारित स्वरूप प्रदान करते हुए मिनी समर कैंप 2026 नाम दिया गया है।इस मिनी समर कैंप में केवल भाषाई दक्षता ही नहीं, बल्कि कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु करियर काउंसलिंग, विषयगत मार्गदर्शन, बोर्ड परीक्षा तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रारंभिक जागरूकता, व्यक्तित्व विकास एवं अध्ययन कौशल उन्नयन जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। जिला शिक्षा

कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह समर कैंप पूर्णतः स्वैच्छिक स्वरूप का है तथा केवल इच्छुक विद्यार्थियों एवं पालकों की सहमति उपरांत ही संचालित किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

इसके बावजूद कुछ शिक्षक संगठनों द्वारा इस छात्रहितैषी पहल का विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु प्रेरित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है।जिला शिक्षा कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों एवं पालकों से संपर्क कर अधिकाधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने, प्रवेश बढ़ाने एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास भी शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। जिला शिक्षा कार्यालय ने पालकों, शिक्षकों एवं समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि विद्यार्थियों के हित में संचालित इस सकारात्मक पहल में सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रांतियों एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार से बचें। शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जिले में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्माण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

स्टार्टअप को मिलेगा नया प्रोत्साहन तेजस कार्यशाला आयोजित

कांकेर/ नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा गत दिवस स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी के अंतर्गत एक दिवसीय तेजस कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं उभरते उद्यमियों को स्टार्टअप से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन, पंजीयन प्रक्रिया, शासकीय योजनाओं एवं वित्तीय सहायता के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आशाराम नेताम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जिले के युवाओं एवं उद्यमियों को स्टार्टअप के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन मिलेगा , जिससे वे उद्योग स्थापना की ओर अग्रसर होंगे। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत बेरोजगार युवाओं को कम ब्याज दर पर ऋण के साथ अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है जिसका वे लाभ उठा सकते हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, चेम्बर्स ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष श्री अनुप शर्मा,उद्योग विभाग के उपसंचालक श्री प्रफुल्ल साहू, श्रीमती सिरिन देवांगन एवं महाप्रबंधक श्री टंकेश्वर देवांगन उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ महिला स्व सहायता समूह,चेंबर ऑफ़ कॉमर्स,एमएसएमई एवं आईटीआई,पालीटेक्निक ,लाईवलीहुड कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा उपस्थित रहे ।

डोंगरीपारा में मक्के की फसल हुई जमींदोज

कुदरत का कहर: आंधी-तूफान ने छीना किसानों के मुंह का निवाला

- **धनसिंह मरकाम सहित दर्जनों किसानों की मेहनत पर फिरा पानी; प्रशासन से मुआवजे की गुहार**

फरसगांव/बड़ेराजपुर/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर में शनिवार की रात किसानों के लिए किसी काली रात से कम नहीं रही। ग्राम पंचायत बालेंगा के आश्रित ग्राम डोंगरीपारा में आए भीषण आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने भारी तबाही मचाई है। क्षेत्र के किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए तेज हवाओं ने खेतों में खड़ी मक्के की फसल को पूरी तरह से बिछा दिया है।

खेतों में बिछ गई 'सोने' जैसी फसल–डोंगरीपारा निवासी पीड़ित किसान धनसिंह मरकाम ने भरभराई आंखों से बताया कि शनिवार रात को अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते तेज आंधी और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इस प्राकृतिक आपदा का वेग इतना तीव्र था कि खेतों में तैयार हो रही मक्के की फसल एक झटके में जमीन पर आ गिरी। धनसिंह के अनुसार, ÷फसल अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई थी, हमने दिन-रात मेहनत कर इसे सींचा था, लेकिन अब सब बर्बाद हो गया।

दोहरी मार से टूट गई किसानों की कमर

क्षेत्र के किसानों का दर्द दोहरा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले सूखे की मार भीषण गर्मी और पानी की कमी के कारण फसलें पहले ही सूखने की कगार पर थीं। जैसे-तैसे सिंचाई कर बचाई गई फसल को आंधी-तूफान ने पूरी तरह चौपट कर दिया। किसानों का कहना है कि लागत निकालना तो दूर, अब उनके सामने घर चलाने और कर्ज चुकाने का गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मुआवजे की मांग: टकटकी लगाए बैठे हैं ग्रामीण–आसपास के अन्य किसानों की फसलें भी इस तूफान की चपेट में आई हैं। पूरे डोंगरीपारा सहित आसपास क्षेत्र में इस समय मायूसी का माहौल है। थके-हारे ग्रामीणों ने अब शासन-प्रशासन से उम्मीद लगाई है। किसानों ने मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम तुरंत खेतों का सर्वेक्षण कर नुकसान का सटीक आकलन करें और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए साथ ही आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों को राहत पैकेज दिया जाए।

> हमने इस साल अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाई थी ताकि परिवार की जरूरतें पूरी हो सकें। लेकिन कुदरत के इस कहर ने हमें कहीं का नहीं छोड़ा। प्रशासन को तुरंत हमारी सुध लेनी चाहिए।
>
> **धनसिंह मरकाम, पीड़ित किसान**

प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद अंतागढ़ में गढ़ रहे हैं आस्था की नई पहचान

अंतागढ़ / नवप्रदेश। मध्यप्रदेश जबलपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद नामदेव इन दिनों बस्तर क्षेत्र में अपनी कला के माध्यम से आस्था को एक नया स्वरूप दे रहे हैं वह कांकेर जिला अंतर्गत अंतागढ़ के वार्ड नं 3 में विजय साहू के द्वारा वार्डवासियों के सहयोग से बन रहे शिव मंदिर में महादेव की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। इससे पहले भी वे कोंडागांव जिले के बनियागाँव में मां गायत्री का भव्य प्रतिमा का निर्माण कर चुके है। जबलपुर निवासी प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद नामदेव ने बताया कि वे लगभग पिछले 30 वर्षों से मूर्ति कला के क्षेत्र में सक्रिय रहे है उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में देवी देवताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के प्रतिमाएं बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुवे है। उन्होंने ये भी बताया की गायत्री परिवार द्वारा जिस राज्यों में महा अश्वमेघ यज्ञ होता है तो उन्हें मूर्ति निर्माण करने अवश्य ले जाया जाता है

कैसे पहुंचे अंतागढ़–मूर्तिकार अरविंद ने बताया की शांति कुंज हरिद्वार में मूर्ति निर्माण करने के दौरान उनकी मुलाकात छ.ग. बस्तर के दंतेवाड़ा निवासी मूर्तिकार गम्मोलाल यादव से हुई और दोनो में अच्छा मित्रता हो गई, गम्मों यादव उनके कला से प्रभावित हो कर बस्तर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा बिखेरने के लिए आग्रह किया। और इसी दौरान अंतागढ़ के वार्ड नं 3 में बन रहे शिव मंदिर में महादेव की प्रतिमा उकेरने के लिए विजय साहू ने दंतेवाड़ा के गम्मोलाल यादव को कॉल किया और बस दोनो ने बस्तर में आस्था का एक नया स्वरुप गढने हामी भर दी, और फिर दोनो अपने एक साथी शिव लाल यादव के साथ मूर्ति बनाने अंतागढ़ पहुच गए। जहां आस्था के लिए एक नई पहचान बनाने जुट गए।

पहाड़ी रास्तों से होते हुए गांव तक पहुंचे सीईओ, एसडीएम

मुंजालगोंदी में नीम पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

कांकेर/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत कांकेर जिले के गांव -गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्या व शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मूरागांव के आश्रित ग्राम मुंजालगोंदी में शुक्रवार को शिविर लगाया गया। पहाड़ी पर बसे इस गांव में जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी और कांकेर एसडीएम श्री अरुण वर्मा दुर्गम व पहाड़ी रास्तों से होकर लगभग 02 किलोमीटर मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव पहुंचे और नीम पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर अधिकारी द्वय ने चौपाल लगाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनीं, योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध पूछताछ किया और 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं के संतृप्तता की जानकारी ली। ग्राम के सभी पात्र लोगों का जाब कार्ड बना हुआ है, 27 लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है,जिसे बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित किया गया। मौके पर 09 किसानों को बी-1,खसरा की प्रति निः शुल्क उपलब्ध कराया गया। एक परिवार का राशन कार्ड बनाने तथा 01 व्यक्ति का आधार कार्ड बनाने का आवेदन प्राप्त हुआ,जिसे शीघ्र निराकृत करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह जल जीवन मिशन अन्तर्गत गांव में टंकी बनी है परंतु अभी तक नल कनेक्शन नहीं दिया गया है, जिसे जल्द शुरू करने कहा गया। शिविर में 07 किसानों को किसान सम्मान निधि के लिए चिन्हित किया गया तथा जिन किसानों के केसीसी नहीं बना है ,उनका केसीसी बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

विश्व रेड क्रॉस दिवस पर महारानी अस्पताल में नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल में महिला स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन बस्तर के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा प्रारंभिक जांच एवं विशेषज्ञ उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।शिविर के दौरान अस्पताल परिसर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में कैंसर स्क्रीनिंग,स्त्री रोग संबंधी जटिल परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और समय पर बीमारी की पहचान के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की।कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप,भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव,अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दिनेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय तथा नगर निगम स्वास्थ्य समिति के सभापति लक्ष्मण झा उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने किया विरोध

भीषण गर्मी में राहत देने वाले शासन के आदेश पर जिला शिक्षा विभाग का मिनी समर कैंप भारी

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश में इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतिवर्ष 1 मई से 15 जून तक घोषित होने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश को इस बार पहले ही 20 अप्रैल से लागू कर दिया था। लेकिन शासन के इस संवेदनशील निर्णय के विपरीत जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में ÷मिनी समर कैंप÷ आयोजित करने का आदेश जारी कर दिया गया है । जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के लिए सुबह 7 बजे से 10:30 बजे तक कक्षाएं बोर्ड परीक्षा तैयारी करियर काउंसलिंग, ब्रिज कोर्स, टेस्ट एवं अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि जब हर वर्ष सामान्य रूप से 1 मई से 15 जून तक अवकाश रहता ही है, तब इस बार शासन ने विशेष रूप से बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए पहले से अवकाश घोषित किया था। ऐसे में उसी अवधि में स्कूल आधारित गतिविधियां संचालित करने का आदेश शासन की मंशा और निर्देशों के विपरीत दिखाई देता है।

शिक्षक वर्ग में यह सवाल उठ रहा है कि यदि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अवकाश को पहले लागू किया गया, तो फिर अवकाश अवधि में विद्यार्थियों और शिक्षकों को पुनः स्कूल बुलाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? कई शिक्षकों ने इसे अनावश्यक दबाव और प्रताड़ना की मानसिकता से जोड़कर भी देखा है।

शासन के आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए अवकाश अवधि बढ़ाई गई है।

मणिपुर ने रोमांचक मुकाबले में बंगाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

जगदलपुर/नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर में आयोजित स्वामी विवेकानंद यू-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मणिपुर ने पश्चिम बंगाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। आरके आश्रम ग्राउंड-1 में शुक्रवार शाम खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद अतिरिक्त समय में मणिपुर ने निर्णायक गोल दागकर जीत अपने नाम कर ली। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने तेज गति और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में लगातार उत्साह

बना रहा। गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद दोनों टीमों ने पूरे जोश के साथ मुकाबला खेला।

मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं। दूसरे हाफ में मणिपुर और पश्चिम बंगाल दोनों ने एक-एक गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया।

छोटे बेढिया शिविर में 15 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

कांकेर/ नवप्रदेश। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेबेढिया में आयोजित सुशासन तिहार में समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि शिविर में 01 दिव्यांग को व्हीलचेयर, 01 को श्रवण यंत्र एवं 13 दिव्यांग को छड़ी प्रदान किया गया। इसके अलावा नशा मुक्त भारत अभियान प्रचार-प्रसार करते हुए संकल्प एवं शपथ भी लिया गया।

ग्रामसभा के अधिकारों की अनदेखी पर भड़का सर्व आदिवासी समाज

- **गोटाईगुड़ा भूमि विवाद में सचिव और पटेल को नोटिस, आंदोलन की चेतावनी**

बीजापुर/नवप्रदेश। भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम गोटाईगुड़ा में सामुदायिक उपयोग की भूमि को लेकर प्रशासन और ग्रामसभा के बीच विवाद गहरा गया है। ग्रामसभा द्वारा भूमि संरक्षण के फैसले के बाद पंचायत सचिव और पटेल को तहसीलदार कार्यालय से कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने पर सर्व आदिवासी समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के तहत विशेष अधिकार प्राप्त हैं। ग्रामसभा के निर्णयों की अनदेखी आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि ग्राम गोटाईगुड़ा की संबंधित भूमि को पहले से सामाजिक भवन, पारंपरिक कार्यक्रमों और सामुदायिक आयोजनों के लिए ग्रामसभा द्वारा संरक्षित रखा गया है। इसके बावजूद भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू किए जाने का ग्रामसभा ने विरोध किया था।

मामला तब और गरमा गया जब तहसीलदार कार्यालय ने ग्राम पंचायत पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब मांगा। प्रशासन ने इसे शासकीय कार्य में बाधा बताया है।

सर्व आदिवासी समाज ने नोटिस वापस लेने और भविष्य में किसी भी भूमि आवंटन से पहले ग्रामसभा की सहमति सुनिश्चित करने की मांग की है।

श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा बोले— नया श्रम कानून बनेगा मजदूरों के सशक्तिकरण का आधार

फरसगांव में श्रमिकों का महाकुंभ: 226 परिवारों के खातों में बरसे 31 लाख रुपए

फरसगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए शुक्रवार को जनपद पंचायत फरसगांव में भव्य 'श्रमिक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और एक बटन दबाकर 226 हितग्राहियों के बैंक खातों में 31.86 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे अंतरित की।

हितग्राहियों के चेहरे खिले

सम्मेलन के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी राशि का वितरण किया गया। इसमें 'मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना' के 12 श्रमिकों को 12 लाख रुपये और 'मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना' के 8 परिवारों को 8 लाख रुपये प्रदान किए गए। साथ ही, महतारी जतन, नौनिहाल छात्रवृत्ति और नोनी सशक्तिकरण जैसी योजनाओं से सैकड़ों श्रमिक परिवार लाभान्वित हुए।

श्रमिकों के हित में ऐतिहासिक निर्णय

मुख्य अतिथि योगेश दत्त मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही चार नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगी। उन्होंने बताया कि अब राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन तय

होगा, जिससे कोई भी राज्य मजदूरों को निर्धारित दर से कम भुगतान नहीं कर सकेगा। मिश्रा ने कहा, ÷देश की 45 प्रतिशत आबादी असंगठित क्षेत्र में है, जिनके विकास के बिना 'विकसित भारत' का सपना अधूरा है।

योजनाओं की जानकारी ही असली ताकत

जनपद अध्यक्ष मानकू राम नेताम और नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने भी श्रमिकों को संबोधित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन की 31 से अधिक योजनाओं की जानकारी हर मजदूर तक पहुँचनी चाहिए ताकि वे अपना हक पा सकें।

सम्मेलन की झलकियां

कुल हितग्राही:- 226
कुल वितरित राशि:- 31.86 लाख रुपये
उपस्थिति:- लगभग 500 श्रमिक और अनेक जनप्रतिनिधि।
कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रमिकों के लिए विभाग द्वारा स्नेह भोज का आयोजन किया गया।
इस गरिमामय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मजदूर संघ के पदाधिकारी और श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नगरीय निकाय और पंचायतों में उप-निर्वाचन का ऐलान

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में रिक्त पदों पर उप-निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया 11 मई 2026 से प्रारंभ होगी। इसी दिन निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया जाएगा तथा नामांकन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से सजे 43 नए घर-आंगन

बेटियों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है साय सरकार -राजेश अग्रवाल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण, सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इसी क्रम में अंबिकापुर स्थित राजमोहनी भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए और 43 नवविवाहित जोड़ों को सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों, वैदिक मंत्रोच्चार और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच विवाह की सभी रस्में संपन्न हुईं। मंत्रोच्चार, फेरे, सिंदूरदान और वरमाला की रस्मों के साथ नवदम्पत्तियों ने जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। शहनाइयों की गूंज, बैंड-बाजों की मधुर धुन और पुष्प वर्षा के बीच पूरा परिसर उल्लास और आत्मीयता से सराबोर दिखाई दिया। विवाह समारोह में बड़ी संख्या में परिजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल एक शासकीय योजना नहीं, बल्कि बेटियों के

सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक अभाव किसी भी परिवार की खुशियों में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ प्रदेश के लाखों परिवारों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरुआत आत्मसम्मान और मजबूती के साथ कर सकें। इसके अतिरिक्त नवदम्पत्तियों को आवश्यक घरेलू सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उन्हें गृहस्थ जीवन की शुरुआत में सहूलियत मिल सके।

न्यूज गैलरी

हज मे जाने वाले हाजियों का अंजुमन गौसिया कमेटी ने किया दिली इस्तकबाल

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय मुस्लिम कौम के लोगों ने 8 अप्रैल बरोज शुक्रवार बाद नमाज -ऐ- जुमा हज पर जाने वाले हुज्जाजे एकराम जनाब डॉ सोएब आलम साहब उदयपुर, तथा जनाब शौकत साहब तारा का अंजुमन कमेटी ने इस्तकबाल किया हज के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों को बाकायदा फूल माला पहना गुलदस्ता भेंट कर एहतराम के साथ इस्तकबाल (स्वागत)करते हुए कमेटी सदस्यों ने उन्हें दुआओं और हज मुबारकबाद के साथ रुखसत (विदा) किया। हाजियों के लिए किये गये दुआ में आपसी भाईचारा और देश की अमन चैन भी शामिल की गई। लखनपुर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती खालीदुल कादरी के ने हाजियों को हज के अरकान नियमों के बारे में मुकम्मल जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नसरत अली, खजांची नूमान खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी शराफत अली, नुरुलहोदा खान, रफीक खान, जहीरूद्दीन अंसारी, इरशाद खान, मतीन अख्तर ,साबिर अंसारी, मुजीब खान, सदाकत अली, अहमद रजा, हाफिज शमसीर, जाकिर हुसैन व बड़ी संख्या में मुस्लिम कौम के लोग शरीक रहे।

सुशासन तिहार 2026: महिपाल को मिली खेती में आधुनिकता की 'धार'

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में आयोजित श्सुशासन तिहारश् किसानों के लिए खुशहाली की नई किरण लेकर आ रहे हैं। इसी कड़ी जिले के मैनपाट विकासखण्ड के ग्राम पंचायत समनिया के प्रगतिशील किसान महिपाल एक्का ने जन समस्या निवारण शिविर में मांग का तत्काल निराकरण हुआ। उन्हें खेती-बाड़ी को आधुनिक बनाने के लिए शासन की ओर से विशेष सहायता प्रदान की गई। किसान महिपाल एक्का ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए एक स्प्रे पंप मशीन खरीदने की योजना बना रहे थे, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि श्सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित , किए गए जन समस्या निवारण शिविरश् मांग का निराकरण हो रहा है। उन्होंने तत्काल शिविर में स्प्रे पंप के लिए आवेदन किया। आवेदन का निराकरण करते हुए उन्हें कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत की भारी छूट मिला है। इस सुविधा का उन्होंने लाभ उठाया। महिपाल एक्का मुख्य रूप से टमाटर और प्याज की खेती करते हैं। उन्होंने बताया, अब मैं समय पर अपनी फसलों में दवाई का छिड़काव कर सकूँगा। इससे न केवल कीड़े-मकोड़ों से फसल की रक्षा होगी, बल्कि हमारी मेहनत भी सफल होगी। हम काफी समय से इस मौके का इंतजार कर रहे थे। योजना का सीधा लाभ मिलने पर हितग्राही महिपाल एक्का ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में किसानों की छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित ये शिविर न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, बल्कि मौके पर ही किसानों को कृषि यंत्र और सहायता उपलब्ध कराकर उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिपाल जैसे हजारों किसान आज इन योजनाओं के जरिए आधुनिक खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

मन बहाल को मिली खुशियों की चाभी, पक्के घर का सपना हुआ साकार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार ग्रामीण परिवारों के लिए खुशियों की बहार लेकर आया है, जिले के मैनपाट विकासखण्ड में सुशासन तिहार अंतर्गत कमलेश्वरपुर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित। जहां ग्राम पंचायत मालतीपुर के रहने वाले पहाड़ी कोरवा मन बहाल को खुशियों की चाभी सौंपी गई। मन बहाल कहते हैं कभी सोचा न था कि खुद का पक्का घर होगा, लेकिन आज न केवल घर तैयार है, बल्कि उसकी चाबी भी मेरे हाथ में है। उन्होंन अपने बीते दिनों को याद करते हुए बताया कि वे अब तक कच्चे मकान में रहते थे, जहाँ बारिश का मौसम एक नई चुनौती लेकर आता था। विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के उत्थान के लिए संचालित श्प्रधानमंत्री जनमन आवास योजनाश् ने उनका डर खत्म कर जीवन को सुरक्षित आशियाना दिया है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जन समस्या निवारण शिविर मन बहाल के लिए उत्सव में बदल गया। अब उनका अपना घर पूरी तरह तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा आज मुझे बहुत गर्व और खुशी महसूस हो रही है। सुशासन तिहार के इस मंच पर चाबी मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मेरा परिवार सुरक्षित छत के नीचे सुकून की नींद सो सकेगा। हितग्राही मन बहाल ने इस सुखद बदलाव के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, गरीबों को पक्की छत देने का संकल्प मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में साकार हो रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों को प्राथमिकता के साथ पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना संभव नहीं: सांसद

- श्रमिकों की मेहनत को मिला सम्मान
- जनप्रतिनिधियों ने श्रमिकों को परोसा भोजन
- जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित

बलरामपुर/नवप्रदेश। निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में बलरामपुर मुख्यालय ऑडिटोरियम परिसर में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद चिंतामणि महाराज सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष बबली देवी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, श्रम अधिकारी श्री भूपेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सीईओ श्री दीपराज कांत, सहित श्रमिकगण उपस्थित रहे।

श्रमिक सम्मेलन में सेवा भाव का सुन्दर दृश्य देखने को मिला जहां सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्रमिकों के प्रति सम्मान देते हुए स्वयं अपने हाथों से श्रमिकों को भोजन परोसा। इस दौरान श्रमिकों के साथ आत्मीय संवाद भी किया। श्रमिकों ने जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए इस सम्मान और अपनत्व की सराहना की।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना भी संभव नही है। शासन के कुशल नेतृत्व में श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है। जिनके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक को लाभ

मिल रहा है। प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों के विकास के दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने श्रमिकों को पंजीयन कर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के कारण ही विकास कार्यों को गति मिल रही है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और उनका जीवन स्तर बेहतर हो। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित ने कहा कि किसानों एवं श्रमिकों का समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी क्षेत्र हो, श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। इस दौरान उन्होंने मजदूर परिवारों से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि बेटी हो या बेटा, सभी को समान अवसर देते हुए पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं, ताकि वे जीवन में सफल होकर बेहतर जीवन जी सकें। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण के लिए श्रम विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल सुरक्षा योजना, नौनिहाल शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, दिव्यांग सहायता योजना, नि:शुल्क गणवेश वितरण तथा प्रसूति सहायता योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र श्रमिक श्रम विभाग में अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। विभागीय योजनाओं अंतर्गत 10 हितग्राहियों को किया गया चेक वितरण मंच से जनप्रतिनिधियों के द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक वितरित किया गया, जिसे पाकर श्रमिकों के चेहरों पर संतोष और खुशी नजर आई। मिनीमाता महतारी जतन योजना से 2, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सतामता योजना से 2, मुख्यमंत्री नोनी बाबु मेधावी शिक्षा सहायता योजना से 2, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना से 2, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से 2 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सम्मेलन में योजनाओं की जानकारी देने लगाया गया विभागीय स्टॉल सम्मेलन स्थल पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिको हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने विभागीय स्टॉल लगाया गया था।

सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने समाज हित में किए प्रशंसनीय कार्य

लखनपुर/नवप्रदेश। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने अपने एक मजबूर स्वजातिय सदस्य का साथ देकर बड़ा ही प्रशंसनीय कार्य किये है जिसे जीवन के अंतिम क्षण तक भूलाया नहीं जा सकेगा। यह तो एक आरंभ है इस तरह के सहयोगात्मक कार्य समाज हित में सदैव होते रहने चाहिए। हर एक ब्राह्मण देखने में अलग-अलग ज़रूर नजर आते हैं लेकिन हकीकत में एकवृक्ष की शाखाएं है। आपस में मन भेद हो सकता है लेकिन मत भेद नहीं होने चाहिए। ब्राह्मण समाज के हरएक व्यक्ति के दिलों एकात्मकता का मंत्र फूंकना बेहद जरूरी है। मुन्ना पांडेय का साथ देना सहयोग का एक नमूना मात्र है आने वाले समय में ब्राह्मण समाज के प्रत्येक व्यक्ति का साथ दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल विखं लखनपुर के झिनपुरी पारा में निवासरत ब्राह्मण मुन्ना पांडेय तथा दूसरे अदर समाज की लोगों के दरमियान जमीन संबंधी पेंच फंसा हुआ था। मजबूर मुन्ना पांडेय ने सीमांकन के दौरान अपने ब्राह्मण समाज के सम्मानित विप्र जनों को इंसाफ के लिए पुकारा इस सहयोग कार्य में सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक उमाशंकर उपाध्याय, मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण तिवारी अम्बिकापुर मिडिया प्रभारी राजेश पाण्डेय ब्लाक सचिव शानू पांडेय एवं बतौली सोसल मीडिया प्रभारी सुमित उपाध्याय ने बीते 07 मई दिन गुरुवार को मुन्ना पांडेय लखनपुर के लम्बे समय से चल रहे विवाद को शांति पूर्वक तरीके से निपटाने में मदद किया। मुन्ना पांडेय के पुकारने पर सर्व ब्राह्मण समाज (ग्रामीण)के सम्मानित विप्र देवताओं ने मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल लखनपुर पहुंच आपसी रायशुमारी सामाजिक सहयोग से सुलह कराया।

पूर्वजों की धरोहर को सहेज रहा शाह परिवार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लुण्ड्रा जनपद के ग्राम कराकी में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान ताड़पत्र पर उड़िया भाषा में लिखी दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। ग्राम के निवासी महेश्वर शाह इन पांडुलिपियों को वर्षों से सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्वक संरक्षित कर रहे हैं।

महेश्वर शाह के पास पांडुलिपियों के दो बंडल मिले हैं, जिनमें एक छोटा बंडल लगभग 70 पृष्ठों का तथा दूसरा बड़ा बंडल लगभग 150 पृष्ठों का है। उनके अनुसार छोटा बंडल 'मथुरा मंगल' तथा बड़ा बंडल 'भागवत' के एकादश स्कंध से संबंधित है। पांडुलिपियां उनके दादाजी के समय की बताई जा रही हैं। विशेष बात यह है कि उनके दादाजी निरक्षर होने के बावजूद इन पांडुलिपियों का पाठ कंठस्थ रूप से किया करते थे। वर्तमान में नमी एवं अंधेरे में रखे जाने के कारण पांडुलिपियों में फफूंद लग गई है, जिससे अनेक ताड़पत्र आपस में चिपक गए हैं तथा कई पृष्ठ अस्पष्ट और अपठनीय हो चुके हैं। इसके बावजूद पांडुलिपियों का बड़ा हिस्सा अब भी सुरक्षित है। परिवार द्वारा इन पांडुलिपियों को पूजाघर में रखकर नियमित पूजा-अर्चना की जाती रही है। पूर्वजों की धरोहर के प्रति श्रद्धा भाव ही इनके संरक्षण का प्रमुख आधार बना हुआ है। पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण एवं अपलोडिंग का कार्य पंचायत सचिव एवं सर्वेयर दामोदर सिंह तथा तकनीकी सहायक अजित कंवर द्वारा किया गया।

भूमिपूजन

34 लाख की लागत से होगा धार्मिक स्थल का कायाकल्प,

कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने किया शनि मंदिर तालाब एवं छठ घाट निर्माण का भूमिपूजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 में शनि मंदिर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और जनसुविधाओं को नई दिशा देने वाला साबित होगा। लगभग 34 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले इस कार्य के अंतर्गत शनि मंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण, परिसर का व्यवस्थित विकास तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधायुक्त छठ घाट का निर्माण कराया जाएगा। इससे न केवल धार्मिक आयोजनों एवं पर्वों के दौरान लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता, सौंदर्य एवं सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार जनआस्था से जुड़े स्थलों के

संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक-सांस्कृतिक अधोसंरचना के विकास के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने, संस्कृति को जीवित रखने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम भी होते हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

- ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना -

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **भवन कार्य हेतु** दिनाँक **25.05.2026** समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

क्र.	एन.आई. टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	09	190328	शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पंखाजूर जिला कांकेर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	81.98 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। **(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)**

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 25.05.2026 है।

नोट:- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 262700591/4

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
(आदिवासी विकास शाखा)
-:: ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/2026-27/ 310 **बीजापुर, दिनांक 07-05-2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित आश्रम शाला भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'c' श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनाँक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत् ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत् दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	NIT क्र./दि.	सिस्टम क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत	निविदा कॉल	अमानत राशि (रु.)
01	09/06.05.2026	190357	आदिवासी बालक आश्रम दुड़ेपल्ली	15119000.00	1st call	113400.00
02	10/06.05.2026	190360	आदिवासी बालक आश्रम पोलेम	15119000.00	1st call	113400.00
03	11/06.05.2026	190371	आदिवासी बालक आश्रम पीलूर	15119000.00	1st call	113400.00
04	12/06.05.2026	190372	आदिवासी बालक आश्रम दारेली	15119000.00	1st call	113400.00
05	13/06.05.2026	190376	आदिवासी बालक आश्रम कोण्डापल्ली	15119000.00	1st call	113400.00
06	14/06.05.2026	190380	आदिवासी कन्या आश्रम सण्ड्रा	15119000.00	1st call	113400.00
07	15/06.05.2026	190386	आदिवासी बालक आश्रम मुजालकांकेर	15119000.00	1st call	113400.00
08	16/06.05.2026	190388	आदिवासी बालक आश्रम संकनपल्ली	15119000.00	1st call	113400.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा अंतिम तिथि (Bid due Date) **02.06.2026** तक आमंत्रित की जाती है । निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start Date) **08.05.2026** से है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेवसाईट-https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित) **जी- 262700595/6**

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास-बीजापुर

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in

// शुध्दि पत्र सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदाओं में निविदा की लागत कॉलम क्रमांक 06 में अंकित लागत के स्थान पर कॉलम क्रमांक 07 में अंकित लागत को पढ़ा/समझा जायें, निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी। **(जी क्रमांक 262700518)**

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना/ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रु.लाख में)	संशोधित निविदा की लागत (रू.लाख में)
1	2	3	4	5	6	7
1	19	**190069**	मानपुर	कनेली, कोरकट्टी, हर्नाईकलकला	27.65	**21.53**
2	20	**190070**	मानपुर	घोटिया	80.12	**75.57**

जी- 262700601/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

मुंगेली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में परिवारजनों एवं गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में आज 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमामय एवं सम्मानपूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अव्यस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से समाज में समानता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना से जहां गरीब परिवारों को अपने बेटियों के विवाह की चिंता से मुक्ति मिली है, वहीं इस योजना के क्रियान्वयन से विवाह में होने वाले फिजूल खर्ची पर भी लगाम लगा है। उन्होंने नवदम्पत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री

मातृवंदना योजना, लखपति दीदी सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है। उन्होंने नवदम्पत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना आर्थिक संबल के साथ दो परिवारों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस योजना के तहत पात्र जोड़ों का विवाह कराने पर गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से बोझ नहीं पड़ता। उन्होंने नवविवाहित दंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए महतारी वंदन योजना, स्वरोजगार हेतु ऋण सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। डीपीओ संजुला शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नवदम्पत्तियों को चेक व उपहार सामग्री प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में अव्यस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई।

न्यूज गैलरी

देविका साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली की छात्रा कु. देविका साहू पिता हेमंत साहू निवासी मुंगेली ने 10 वीं में बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है समाज एवं परिवार में उत्साह का माहौल बना है। देविका साहू 93.66 फीसदी अंकों के साथ स्कूल की टॉपर आई है। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने सम्मान किया।

1096 रिक्त पदों के लिए 11 मई को रोजगार मेला आयोजित

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में 11 मई 2026, सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि कार्यालय को निजी क्षेत्र की 05 कंपनियों से कुल 1096 रिक्त पदों की मांग प्राप्त हुई है, जिनकी पूर्ति हेतु यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार विभाग के नवीन निर्देशानुसार रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन अब अनिवार्य रूप से ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। इसमें आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों का आधार से अपडेटेड एवं जीवित रोजगार पंजीयन होना आवश्यक है। जिन अभ्यर्थियों का जीवित रोजगार पंजीयन वर्तमान में नहीं है, वे पहले ई रोजगार पोर्टल या सीजी ई-रोजगार एप के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन कर सकते हैं। इसके पश्चात रोजगार मेला हेतु उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है या रोजगार मेला के दिन 11 मई 2026 को भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन संबंधी किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नंबर 9685672368 पर संपर्क कर सकते हैं।

सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में शिविर 11 मई को

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में चल रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर विखं शंकरगढ़ के सावंत सरना ग्रापं डीपाडीहकला में 02 जून 2026 को निर्धारित किया था। शिविर में संशोधित करते हुए 11 मई 2026 को निर्धारित की है। शिविर में ग्रापं डीपाडीह कला, अय्यारी, चांगरो, बादा, कोदवा, रेहडा, देवसराकला, उदरसई, कृष्णनगर, कोटालू, उमको, करमीउरांवटोली, घुघरीकला, कोठली, नवाडीह के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

सरगांव और पथरिया क्षेत्र के ढाबों व खाद्य दुकानों में औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 11 मई तक ÷सही दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम के तहत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न खाद्य एवं औषधि दुकानों की लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कोटपा एक्ट 2003 के तहत विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कुल 32 दुकानों की जांच की गई। इनमें 13 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि 19 दुकानों पर कुल 03 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री तथा स्कूलों के आसपास तंबाकू विक्रय पर प्रतिबंध संबंधी

नियमों की जानकारी देते हुए दुकानदारों को जागरूक किया।

अभियान के तहत खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सरगांव एवं पथरिया क्षेत्र के 10 ढाबों और खाद्य दुकानों में भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल, तेल के दोबारा उपयोग तथा अखबारी कागज में खाद्य सामग्री पैकिंग जैसी व्यवस्थाओं की जांच की गई। औषधि निरीक्षक किरण सिंह, सुमनलता कंवर, नमूना सहायक रितु गेंदले, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारियों तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सार्वजनिक स्थलों एवं दुकानों में निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने ढाबा संचालकों को निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री बनाने में अखाद्य रंगों का उपयोग न करें, शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग बर्तनों का उपयोग करें तथा खाद्य पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। जिन प्रतिष्ठानों में खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया, उन्हें तत्काल पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आम नागरिकों को ताजा एवं स्वच्छ भोजन का ही सेवन करने तथा तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की समझाइश दी है।

मुख्यमंत्री करेंगे चार प्रमुख प्रतिमाओं का अनावरण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कल मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री कल मुंगेली प्रवास पर रहेंगे, जहाँ वे करोड़ों के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ-साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों और विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे।

मुख्यमंत्री का आगमन पुलिस ऑफिसर मेस स्थित हेलीपैड पर होगा। यहाँ प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। आगमन के पश्चात वे सीधे ऑफिसर क्लब पहुँचेंगे, जहाँ दोपहर के भोजन (लंच) के साथ वे स्थानीय अधिकारियों से संक्षिप्त चर्चा भी कर सकते हैं। भोजन के उपरांत मुख्यमंत्री का सघन दौरा शुरू होगा, जिसमें वे शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं का अनावरण कर जिलेवासियों को समर्पित करेंगे। और कलेक्ट्रेट परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, दाऊपारा चौक में बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, पड़ाव चौक में शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, स्टेडियम मोड़ पर मां कर्मा की प्रतिमा का अनावरण करने के तत्पश्चात् मुख्य कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। यहाँ आयोजित मुख्य मंच कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी मंच से जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुल 284 कार्यों कर लोकार्पण करेंगे, तथा 130 विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करेंगे इन सभी कार्यो की लागत 3 सौ 53 करोड 58 लाख 6 हजार रू है। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। जिन रूटों से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और शहर को होर्डिंग्स व स्वागत द्वारों से सजाया गया है। स्थानीय निवासियों में इन प्रतिमाओं के अनावरण और विकास कार्यों को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

सुशासन तिहार पर मेधावी छात्राओं का सम्मान

मूंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के तहत नगरपालिका क्षेत्र मूंगेली के मंडी स्थल में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मूंगेली की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। 90 प्लस अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं को जिला कलेक्टर और विधायक ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से खुली चर्चा कर उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर को लेकर मार्गदर्शन दिया। साथ ही प्रतिभाशाली छात्राओं को देश के उत्कृष्ट कॉलेजों में प्रवेश मिलने पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर से सीधे संवाद और मार्गदर्शन पाकर छात्राएं गदगद नजर आईं। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने बताया कि सत्र 2025-26 में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 10वीं में 223 छात्राओं में से 217 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं और विद्यालय ने 97.31 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया। इसमें कु. देविका साहू ने 93.66 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कु. प्रिया ने 91.88 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा कु. आकांक्षा बघेल ने 90.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में 186 छात्राओं में से 177 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं और विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95.16 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में कु. गौरी सिंह ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जीवविज्ञान संकाय में कु. नीलू यादव 91 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहीं, जबकि कला संकाय में कु. रागिनी भास्कर ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विधायक मोहले सहित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन शिविर, मुंगेली में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीएमश्री बी.आर. साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पन्नू लाल मोहले उपस्थित रहे।

वहीं जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एडीएम निष्ठा पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे एवं डीएमसी अशोक सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही।हाई स्कूल परीक्षा में विकास सिंह राजपूत ने 94.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. राधा ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा सृष्टि ठाकुर ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 116 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित कर संस्था का गौरव बढ़ाया।

पेज 1 का शेष...

सुवेंदु बंगाल में भाजपा...

सीधे सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए।

जनता को नमनः शपथ समारोह के आखिर में पीएम मोदी ने मंच से परेड ग्राउंड में मौजूद लोगों को धन्यवाद किया। इस दौरान वे घुटनों के बल बैठे और जनता को प्रणाम किया।

झुककर प्रणामः सुवेंदु अधिकारी ने बांग्ला में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के बाद वे पीएम मोदी के पास गए और झुककर प्रणाम किया। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाकर शुभकामनाएं दीं।

गमछा ओढ़ायाः सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के बाद मंच पर मौजूद सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का अभिवादन किया। इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें गेरुआ गमछा ओढ़ाया।

आदिवासी पोशाक में शपथ लीः पहली बार विधायक बने क्षुदीराम टुडू आदिवासी पोशाक में शपथ लेने पहुंचे। उन्होंने गले में बीजेपी का गमछा और सिर पर पीला गमछा बांध रखा था। पेशे से शिक्षक रहे क्षुदीराम रानीबांध सीट से पहली बार विधायक बने हैं।

कार्यकर्ता के पैर छुएः शपथ ग्रहण से पहले मंच पर पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल बीजेपी के सबसे बुजुर्ग कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार के पैर छुए। 98 साल के माखनलाल सरकार 1952 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर में तिरंगा फहराने गए थे, जहां आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

मंच तक रोड शोः पीएम मोदी ने परेड ग्राउंड में रोड शो किया। वे ग्राउंड की एंट्री से मंच तक एक खास रूप से बनाए गए रथ में गए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक और सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। उस वक्त ग्राउंड पर करीब 1 लाख लोग मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार से मुलाकातः पीएम मोदी ने बंगाल चुनावी हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पाल के परिवारों से मुलाकात की।

शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम...

अनुभव का लाभ वहां की जनता को मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने दी बधाईः सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री साय ने शुवेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए लिखा। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में बंगाल तुष्टीकरण, भय और अराजकता की राजनीति से मुक्त होगा। अब राज्य सुशासन, विकास और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी समारोह में मौजूद रहे।

12 मई को असम दौराः छत्तीसगढ़ का शीर्ष नेतृत्व केवल बंगाल तक सीमित नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम 12 मई को असम में आयोजित होने वाले भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल होगी। इस दौरे में सीएम और डिप्टी सीएम के साथ केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल रहेंगे।

तमिलनाडु में विजय सरकार...

के मुताबिक मेलूर विधायक पी. विश्वनाथन विधायकों के ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक टीवीके सरकार बनने पर पी. विश्वनाथन को मंत्री बनाया जा सकता है। टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीती हैं। इनमें विजय ने दो सीटें जीती हैं। पार्टी को अब तक कांग्रेस के 5, सीपीआई और सीपीआई (एम) के 2-2 विधायकों का समर्थन मिल चुका है।

विजय राज्यपाल से 3 बार मिले, हर बार सरकार बनाने का दावा पेश किया

एक्टर विजय शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया, लेकिन उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह....

पाई सफलताः सुष्मिता के रगों में सेवा का जज्बा विरासत में मिला है। उनके पिता, बीपी सिंह, स्वयं भारतीय वन सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी रहे हैं और मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सुष्मिता ने अपने पांचवें प्रयास में यह बड़ी सफलता हासिल की, जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और कभी हार न मानने वाले जज्बे को दर्शाती है।

सफलता का मंत्रः 'मानसिक दृढ़ता और परिवार का साथ'

अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सुष्मिता ने अपनी माँ की प्रेरणा और पिता के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। सफलता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहाः ऐसी परीक्षाओं में कड़ी मेहनत के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, परिवार का अटूट समर्थन और ईश्वर की कृपा बहुत जरूरी है।

प्रमुख उपलब्धियां

परीक्षाः भारतीय वन सेवा 2025

रैंकः ऑल इंडिया रैंक 32

कुल चयनित अभ्यर्थीः 148

शिक्षाः बीटेक (कंप्यूटर साइंस), यूपीईएस देहरादून

गृह ग्राम/शहरः राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

सुष्मिता की इस उपलब्धि पर राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। उनकी यह कहानी उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो असफलताओं के बावजूद अपने लक्ष्यों का पीछा करना नहीं छोड़ते।

खुलासाः खाद्य अधिकारी, एजेंसी...

और बाद में फर्जी पंचनामा तैयार कर पूरे मामले को वैध दिखाने की कोशिश की गई। पुलिस इसे सुनियोजित आर्थिक अपराध और प्रशासनिक भ्रष्टाचार का बड़ा मामला मान रही है।

आधी रात की गुप्त बैठक, शुरू हुआ करोड़ों का खेल

पुलिस जांच के अनुसार उसी दिन रात करीब 11 बजे अजय यादव, पंकज चंद्राकर और मनीष चौधरी की एक गैस एजेंसी संचालक के साथ गुप्त बैठक हुई। शुरुआत में एजेंसी संचालक ने इस अवैध काम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया।

इसके बाद मनीष चौधरी को दूसरी एजेंसी तलाशने की जिम्मेदारी दी गई। उसने ठाकुर पेट्रोकेमिकल से संपर्क साधा। बताया जा रहा है कि खाद्य अधिकारी अजय यादव ने 80 लाख रुपये की मांग रखी, जिसे आखिरकार ठाकुर पेट्रोकेमिकल के संचालक ने स्वीकार कर लिया।

पर्दे के पीछे था खाद्य अधिकारी, सामने एजेंसी संचालक

पुलिस का कहना है कि पूरे खेल का मास्टरमाइंड खाद्य अधिकारी अजय यादव था, जो पर्दे के पीछे रहकर पूरी साजिश को संचालित कर रहा था। वहीं पंकज चंद्राकर की भूमिका गैस को खपाने और सौदे को अंतिम रूप देने की थी। महासमुंद में संदेह से बचने के लिए रायपुर निवासी मनीष चौधरी को बीच का चेहरा बनाया गया। उसे रायपुर की एजेंसियों से संपर्क कर डील को अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी दी गई थी।

80 लाख में फाइनल हुई डील, ऐसे बंटा पैसा

जांच में सामने आया कि आरोपियों की कोशिश एक करोड़ रुपये में सौदा करने की थी, लेकिन अंततः 80 लाख रुपये में डील तय हुई। पुलिस के अनुसार सबसे बड़ा हिस्सा खाद्य अधिकारी अजय यादव को मिला। दूसरे ही दिन उसके घर करीब 50 लाख रुपये पहुंचाए गए।

बाकी रकम की व्यवस्था में देरी होने पर ठाकुर पेट्रोकेमिकल संचालक ने मनीष चौधरी के खाते में 30 लाख रुपये डिजिटल ट्रांजैक्शन के जरिए सिक्योरिटी के तौर पर ट्रांसफर किए।

जांच में यह भी सामने आया कि मनीष चौधरी ने 30 लाख में से 10 लाख रुपये खुद रखे, जबकि 20 लाख रुपये पंकज चंद्राकर को दिए गए। इसके बाद खाते में ट्रांसफर की गई रकम वापस लौटा दी गई, ताकि लेनदेन का सीधा सबूत न बचे।

एक-एक कर खाली किए गए कैप्सूल

पुलिस जांच के मुताबिक सुपुर्दनामा मिलने के बाद कैप्सूलों को एक सप्ताह तक धीरे-धीरे खाली किया गया। गैस निकालने की प्रक्रिया बेहद गोपनीय तरीके से की गई ताकि किसी को भनक न लगे। गैस पूरी तरह निकालने के बाद 6 और 8 अप्रैल को खाली कैप्सूलों का वजन कराया गया।

फर्जी पंचनामा बनाकर छुपाने की कोशिश

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू फर्जी दस्तावेजों का बनाना है। पुलिस के अनुसार वजन कराने के दौरान न तो खरीदार मौजूद था और न ही कोई स्वतंत्र गवाह।

इसके बावजूद खाद्य अधिकारी कार्यालय में फर्जी पंचनामा तैयार किया गया। इस पंचनामे में मनीष चौधरी और पंकज चंद्राकर को स्वतंत्र गवाह दर्शाया गया, जबकि दोनों खुद पूरे षड्यंत्र का हिस्सा थे।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 8 अप्रैल की दोपहर ही पंचनामा दस्तावेज कलेक्ट्रेट की आवक-जावक शाखा में जमा करा दिया गया था, जबकि वजन कांटे के रिकॉर्ड के मुताबिक एक कैप्सूल का वजन उसी रात 8 बजे के बाद हुआ था। इससे दस्तावेजों में समय और प्रक्रिया की गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई।

पुलिस की सक्रियता बढ़ी तो उड़ गए मास्टरमाइंड के होश

कोर्ट से सुपुर्दनामा आदेश और पुलिस की सक्रिय जांच के बाद आरोपियों में घबराहट बढ़ने लगी। पुलिस जांच में सामने आया कि 20 अप्रैल की रात आरंग के एक ढाबे में पंकज चंद्राकर, मनीष चौधरी और संतोष ठाकुर की गोपनीय बैठक हुई। बैठक में कथित तौर पर यह रणनीति बनाई गई कि पूरे मामले का ठीकरा पुलिस पर फोड़ा जाए और सभी आरोपी अपने-अपने बयान पर कायम रहें।

इन धाराओं में दर्ज हुआ अपराध

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, शासकीय कार्य में अनियमितता, आपराधिक षड्यंत्र और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और इसमें अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

जिले में बना चर्चा का विषय

डेढ़ करोड़ रुपये की गैस गबन की यह घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। सरकारी जिम्मेदार अधिकारी, निजी एजेंसी संचालक और बिचौलियों के गठजोड़ ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जब्त सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है।

अब सबकी नजर पुलिस जांच पर टिकी है कि इस हाई-प्रोफाइल गैस घोटाले में और कौन-कौन चेहरे बेनकाब होते हैं।

रायपुर में रिकॉर्ड : 48 घंटे...

यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा और 166 रजिस्ट्रियों में से 76 अकेले महिलाओं के नाम दर्ज की गईं। जिला पंजीयक विनोद कोचे ने बताया कि पंजीयन विभाग ने नए सॉफ्टवेयर के माध्यम से छूट देना शुरू कर दिया है। इससे न केवल महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने का रुझान बढ़ा है, बल्कि मध्यमवर्गीय परिवारों को हजारों रुपयों की सीधी बचत हो रही है। यदि कोई महिला 20 लाख रुपए की संपत्ति खरीदती है, तो उसे सीधे तौर पर 60 हजार रुपए की राहत मिल रही है।

सुब्रमणि होंगे अगले...

करियर की शुरुआत करने वाले सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार हैं। इससे पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ और सेंट्रल कमांड के जीओसी-इन-सी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी काफी मजबूत है; वे एनडीए और नेशनल डिफेंस कॉलेज के एल्युम्नस हैं और किंग्स कॉलेज लंदन से मास्टर डिग्री धारक हैं।

नौसेना को भी मिलेगा नया प्रमुख

इसी क्रम में, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को भारतीय नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह भी 31 मई को अपना पदभार संभालेंगे और उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2028 तक रहेगा।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1 करोड़ से की साइबर ठगी, अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेंज साइबर थाना बिलासपुर द्वारा 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को राजस्थान राज्य से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बिलासपुर लाया गया है। आरोपियों द्वारा एक महिला को पुलिस, ईडी, आरबीआई एवं सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई का भय दिखाकर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

प्रकरण में थाना रेंज साइबर बिलासपुर में अपराध क्रमांक 02/2026 धारा 318(4), 308(6), 3(5) बीएनएस एवं 66सी , 66डी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों द्वारा महिला को अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करने के लिए बाध्य किया गया। अलग-अलग तिथियों में कुल 1,04,80,000/- विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद भी आरोपियों द्वारा केस समाप्त करने के नाम पर अतिरिक्त 50 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। जब पीड़िता ने अपने पुत्र को पूरी जानकारी दी तब मामला सामने आया और तत्काल रेंज साइबर थाना बिलासपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रकरण दर्ज होने के बाद साइबर पुलिस द्वारा बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का तकनीकी विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि ठगी की रकम कई लेयर बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। बैंकिंग ट्रेल एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान राज्य के चुरू जिले से दो आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पोती, जिला चुरू (राजस्थान), विशाल सिंह निवासी ग्राम पोती, जिला चुरू (राजस्थान) शामिल हैं।

अन्य आरोपियों की तलाश जारी

प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बिलासपुर लाया गया है। साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों, बैंक खातों एवं डिजिटल ट्रेल की विस्तृत जांच जारी है। उक्त संपूर्ण कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक गोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं नोडल अधिकारी गगन कुमार के निर्देशन में रेंज साइबर थाना बिलासपुर की टीम द्वारा की गई।

इस तरह दिया 'डिजिटल अरेस्ट' का भय

प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी माता के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल कर स्वयं को 'संजय पीएसएल' बताने वाले व्यक्ति ने संपर्क किया। आरोपियों ने महिला को बताया कि उनका नाम एक आतंकवादी संगठन से जुड़े मामले में आया है तथा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। इसके बाद वीडियो कॉल के माध्यम से महिला को कई घंटों तक तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा गया। आरोपियों ने लगातार पुलिस, ईडी, आरबीआई एवं सुप्रीम कोर्ट के नाम का भय दिखाते हुए महिला पर मानसिक दबाव बनाया। यहां तक कि उन्हें धमकी दी गई कि यदि उन्होंने परिवार के किसी सदस्य से संपर्क किया तो उनके बेटे एवं अन्य परिजनों को भी मामले में फंसा दिया जाएगा। आरोपियों द्वारा महिला को फर्जी सरकारी नोटिस, ईडी जांच दस्तावेज, सुप्रीम कोर्ट आदेश एवं आरबीआई नोटिस भेजकर विश्वास दिलाया गया कि उनके खिलाफ गंभीर जांच चल रही है। लगातार भय और मानसिक प्रताड़ना के कारण महिला आरोपियों के झांसे में आ गई।

आरटीई से प्रवेश की धीमी चाल पर हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती, राज्य सरकार को हलफनामा पेश करने दिए निर्देश

बड़े स्कूलों में गरीब बच्चों के आवेदन नहीं आने पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा पहली में दाखिले की धीमी प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए विस्तृत हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि सरकार यह स्पष्ट करे कि किन विद्यार्थियों को किस स्कूल में और कितनी सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया गया है।

अदालत ने इस स्थिति पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या गरीब बच्चे इन बड़े स्कूलों में पढ़ना नहीं चाहते, या फिर राज्य सरकार कुछ तथ्यों को छिपाने की कोशिश कर रही है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि आरटीई के तहत आवंटित सीटों की पूरी जानकारी ऑनलाइन सार्वजनिक की जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अधिकारियों से पूछा कि दाखिले की प्रक्रिया में इतनी लापरवाही आखिर क्यों बरती जा रही है। अदालत ने स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त सचिव को इस मामले में विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, ऐसे में गरीब बच्चों को प्रवेश कब मिलेगा। अदालत ने चिंता जताई कि यदि यही स्थिति बनी रही तो हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत हलफनामे पर भी नाराजगी जताई। सरकार ने अपने जवाब में बताया कि प्रदेश के 387 स्कूलों में आरटीई के तहत एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ, जबकि 366 स्कूल ऐसे हैं जहां उपलब्ध सीटों की तुलना में आवेदन बेहद कम आए हैं। इन स्कूलों में प्रदेश के कई प्रतिष्ठित निजी विद्यालय भी शामिल हैं।

कोर्ट ने पूछा सवाल

राज्य सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट में कई स्कूलों में केवल एक या दो बच्चों के दाखिले की जानकारी दी गई। इस पर कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए पूछा कि यदि किसी स्कूल में सिर्फ एक बच्चे को प्रवेश दिया गया है, तो क्या वहां कुल चार छात्र ही पढ़ रहे हैं? गौरतलब है कि आरटीई कानून के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित रहती हैं।आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के वर्तमान कार्यक्रम पर नजर डालें तो लॉटरी और सीट आवंटन की पहली काउंसलिंग 13 से 17 अप्रैल के बीच पूरी हुई थी। इसके बाद विद्यार्थियों को 1 मई से 30 मई तक प्रवेश लेना है। दूसरे चरण की प्रक्रिया 8 जून से शुरू होगी, जिसमें नए स्कूलों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से 11 जुलाई तक विद्यार्थियों का पंजीयन होगा। 27 से 31 जुलाई के बीच लॉटरी और सीट आवंटन किया जाएगा, जबकि अंतिम प्रवेश प्रक्रिया 3 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी।

पेंशनरों को छठवें और सातवें वेतनमान के बकाया एरियर के भुगतान का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य के हजारों पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए छठवें और सातवें वेतनमान के बकाया एरियर के भुगतान का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि 120 दिनों के भीतर पात्र पेंशनरों को बकाया राशि का भुगतान किया जाए। यह आदेश मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49 के तहत पारित किया गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती द्वारा 12 अगस्त 2021 को याचिका दायर किया गया था। याचिका में बताया गया था कि लंबे समय से पेंशनरों को वेतनमान संशोधन का एरियर नहीं मिल रहा है। इस संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्रियों एवं मुख्य सचिवों को कई बार पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि वित्तीय देनदारियों को लेकर राज्यों के बीच सहमति की अनिवार्यता पेंशनरों के वैधानिक अधिकारों में बाधा नहीं बन सकती। कोर्ट ने पूर्व में दिए गए डॉ. सुरेंद्र नारायण गुप्ता मामले के फैसले का हवाला देते हुए छठवें और सातवें वेतनमान के एरियर भुगतान का रास्ता साफ कर दिया। कोर्ट के आदेश के अनुसार, एक जनवरी 2006 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की अवधि का 32 माह का एरियर मिलेगा। वहीं, एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक की अवधि का 27 माह का एरियर दिया जाएगा। हाईकोर्ट के इस फैसले से प्रदेश के हजारों पेंशनरों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले कर्मचारी पेंशन का हकदार नहीं: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर ने पेंशन, ग्रेज्युटी व सेवानिवृति लाभ के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है, झूठ और फर्जीवाड़ा के आधार पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वालों की जाति प्रमाण फर्जी पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी पेंशन सहित अन्य लाभ का हकदार नहीं होगा।रायपुर के कृष्णापुरी, अमलीडीह निवासी पीएल. नायक की नियुक्ति सहायक संचालक के पद पर बंजारा जाति के आधार पर अनुसूचित जाति कोटे से हुई थी 30 जून 2021 को जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से डिप्टी डायरेक्टर के पद से रिटायर हुए। विभाग ने उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ और अन्य लाभ रोक दिया है।

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1.	190146 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला खैरागढ- छुईखदान- गण्डई -लिमो - दुल्लापुर मार्ग में स्थित कर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**337.73**
2.	190147 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला खैरागढ- छुईखदान - गण्डई के कृतबांस मार्ग में स्थित सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**290.02**
3.	190148 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला मुंगेली के चंदियाभाठा से खुडिया मार्ग पर मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**235.63**
4.	190149 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला बीजापुर के कुटरू से गुटामांगी मार्ग के कि.मी. 7/2-10 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**3605.75**
5.	190150 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला कांकेर के बासनवाही-टंहकापार मार्ग के कि.मी. 3/8 महानदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**2781.68**
6.	190151 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला कोरबा के अंतर्गत राज्यमार्गों पर जंक्शन सुधार का कार्य एवं आर.आर.सी. के प्रावधानानुसार क्रैश बेरियर लगाने का कार्य।	**361.88**
7.	190152 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला कबीरधाम वि.ख. पण्डरिया के ग्राम कुम्ही से कांपा मार्ग लंबाई 4.12 कि.मी. (वास्तविक लं. 8.50 कि.मी.) मार्ग का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**459.75**
8.	190179 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला रायपुर नवा रायपुर अटल नगर में लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3 एवं संभागीय कार्यालय (वि/यां.) के लिए कार्यालय भवन-2 एवं 4 नग अनुविभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।	**899.90**
9.	190182 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला गरियाबंद के चौबेबांधा से सिंघौरी पहुंच मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	**438.97**
10	190187 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला रायपुर के दैहानपारा टण्डवा से झोपड़पारा बैकुण्ठ तक मार्ग लंबाई 2.675 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। विधानसभा संभाग रायपुर।	**421.08**
11	190191 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला कोरिया के चंदहा से गिधेर मार्ग पर पैरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**292.50**
12	190211 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	हेडसपुर बहेराडी से लगरा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**367.09**
13	190213 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला धमतरी के सेमरा से सिलौटी मार्ग लंबाई 1.30 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	**232.66**
14	190217 प्रथम आमंत्रण 04.05.2026	जिला रायपुर के लखौली रींवा मार्ग से एन.सी.सी. कैम्पस पहुंच आंतरिक मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	**216.20**

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 07 दिनांक 25.05.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 28.05.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जी-262700597/5 लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

विजयपुर, तखतपुर में सुशासन तिहार में सौ आवेदनों का त्वरित निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विजयपुर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए। इस अवसर पर आमजन से प्राप्त लगभग 100 मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को चेक एवं कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन, सेवा और गरीब कल्याण की नई कार्यसंस्कृति स्थापित हुई है। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

बिजली सप्लाई को बेहतर बनाने नई तकनीकों का करें उपयोग: सिंह

अधिकारी से लाइनमेन तक हों एआई तकनीक से लैस

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने डंगनिया स्थित मुख्यालय में जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना पावर कंपनीज़ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए नवीन टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग किया जाए। एआई आधारित तकनीकों से फॉल्ट मॉनिटरिंग, लोड प्रबंधन, उपभोक्ता शिकायत निवारण एवं सिस्टम मॉनिटरिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से लैस कर कार्य क्षमता एवं सेवा गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया गया। नए भवन निर्माण कार्यों में तेजी, लंबित परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा टोल फ्री नंबर 1912 के रिस्पांस टाइम को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रबंध निदेशकगण एस. के. कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीम सिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

गीत संग्रह 'गीत मुक्ति का प्रथम प्रणव है' का विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतेन्दु साहित्य समिति, बिलासपुर के संयोजन में लखीराम आडिटोरियम, बिलासपुर में शहर के ख्यातिलब्ध रचनाकार बुधराम यादव के गीत संग्रह 'गीत मुक्ति का प्रथम प्रणव है' का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत शाल एवं श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर से पधारे वरिष्ठ छंदकार सजल-ऋषि ईश्वरी प्रसाद यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं ठावे विश्वविद्यालय गोपालगंज बिहार के कुलपति, भाषाविद डॉ विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार विजय राठौर शील साहित्य परिषद जांजगीर एवं वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी देवधर महंत ने की।

एसपी वार्षणेय को स्थानांतरण पर दी गई विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर में आंजनेय वार्षणेय पुलिस अधीक्षक, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ का केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति स्थानांतरण पर एक भव्य एवं आत्मीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राम गोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज के गरिमामयी सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने वार्षणेय के कुशल कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना Annexure-A
1) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-310-26-27-4 दिनांक: 30/04/2026
कार्य : करेंट कलेक्शन टेस्ट के लिए बिलासपुर डिवीजन में रूट डेटा मैपिंग का इस्तेमाल ओलिवियर-G सिस्टम में मौजूदा कलेक्शन टेस्ट के लिए आरडीएसओ स्टैंडर्ड नंबर IS/RDSOTI/0001:2023, दिनांक 22.03.2023 के अनुसार किया जाएगा।
निविदा मूल्य : ₹ 29,32,232.00/- बयाना राशि : ₹ 58,700.00/- निविदा जमा करने की तिथि व समय दिनांक : 01/06/2026 के 15:00 बजे तक।
(2) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-311-26-27-5 दिनांक: 01/05/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल में आरडीएसओ के दिशानिर्देशों के अनुसार, विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार हेतु, ओवरलाइन संरचनाओं (आर.ओ.बी./एफ.ओ.बी.) और गर्डर पुलों के नीचे-जहाँ ओ.एच.ई. से वार्टिकल क्लीयरेंस कम है-25 केवी उच्च वोल्टेज इंसुलेटेड कोटिंग की व्यवस्था करना।
निविदा मूल्य : ₹ 2,00,05,125.00/- बयाना राशि : ₹ 4,00,100.00/- निविदा जमा करने की तिथि व समय दिनांक : 02/06/2026 के 15:00 बजे तक।
पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.)
सीपीआर/10/AM/98 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

सफलता: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, गति शक्ति यूनिट नागपुर मंडल की बड़ी उपलब्धि

समनापुर स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन का सफल कमीशनिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गति शक्ति यूनिट नागपुर मंडल ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए समनापुर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन का कार्य रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह कार्य न केवल तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि रेलवे परियोजनाओं के त्वरित एवं सुरक्षित निष्पादन में गति शक्ति यूनिट नागपुर मंडल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत प्री - नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों के दौरान दो महत्वपूर्ण पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग का समावेशन मात्र 4.5 घंटे के एकल ट्रैफिक ब्लॉक में सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके पश्चात नॉन इंटरलॉकिंग कार्य केवल 12 घंटे में संपन्न किया गया। इस प्रकार प्री - नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग सहित संपूर्ण कार्य मात्र 24 घंटे में पूरा कर अतिरिक्त लूप लाइन को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया। इस नई अतिरिक्त लूप लाइन के चालू होने से गोंदिया-जबलपुर सेक्शन में ट्रेनों के संचालन की क्षमता बढ़ेगी, अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन में सुविधा होगी तथा यात्री ट्रेनों की समयपालन में महत्वपूर्ण सुधार होगा, जिससे यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस कार्य की सफलता में गति शक्ति यूनिट नागपुर मंडल तथा सिग्नल एवं दूरसंचार परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 24×7 समर्पित योगदान रहा। सभी टीमों ने उत्कृष्ट समन्वय एवं टीमवर्क का परिचय देते हुए यह चुनौतीपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया। यह उपलब्धि नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक अशोक कुमार सूर्यवंशी, गति शक्ति यूनिट के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संभव हो सकी, जिनके निर्देशन में पूरी टीम ने सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया। गति शक्ति यूनिट नागपुर की यह सफलता भारतीय रेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय मंत्री राज्य मंत्री, भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय
श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नगरीय प्रशासन विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग
श्री लखन लाल देवांगन जी
प्रभारी मंत्री मुंगेली वाणिज्य एवं उद्योग, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम विभाग
श्री पुन्नू लाल मोहले जी
विधायक- मुंगेली
श्री धरमलाल कौशिक जी
पूर्व विधायक, अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा
सी.एम. कार्यक्रम - 10.05.2026
हेली पैड (पुलिस ऑफिसर मेस मुंगेली)
ऑफिसर क्लब (लंच)
भीमराव अम्बेडकर मूर्ति अनवारण
(कलेक्टोरेट परिसर)
गुरूघासी दास मूर्ति अनावरण
(दाउपारा चौक मुंगेली)
महाराणा प्रताप मूर्ति अनावरण
(पड़ाव चौक मुंगेली)
भक्त माता कर्मा मूर्ति अनावरण
(स्टेडियम मोड़ मुंगेली)
श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम
(मुख्य मंचीय कार्यक्रम)
लोकार्पण एवं शिलान्यास
लोकार्पण – राशि
15202.02
राशि - एक सौ बावन करोड़ दो लाख दो हजार रूपये
शिलान्यास – राशि
20156.04
राशि - दो सौ एक करोड़ छप्पन लाख चार हजार रूपये
महायोग
35358.06
राशि - तीन सौ तिरपन करोड़ अन्ठावन लाख छः हजार रूपये
मान. विष्णुदेव साय जी
(मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, सा. प्रशा. खनिज, ऊर्जा, जलसंसाधन विभाग)
के मुंगेली नगर आगमन व लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में
पधारने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत...
विनीत - समस्त जिला वासी मुंगेली

जिले की सड़कों पर उतरे इंटरसेप्टर वाहन, तेज रफ्तार पर कड़ी नजर

सड़क हादसो पर लगाम लगाने ट्रैफिक पुलिस का हाईटेक अभियान

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बीच अब ट्रैफिक्र पुलिस ने हाईटेक निगरानी शुरू कर दी है। सड़कों पर इंटरसेप्टर वाहन उतार दिए गए हैं, जो तेज रफ्तार और यातायात नियम तोड़ने वालों पर नजर रख रहे हैं। पुलिस का दावा है कि तकनीक और समझाइश के जरिए हादसों पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है।

तेज रफ्तार,लापरवाही और हर दिन बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक्र अमला अब एक्शन मोड में नजर आ रहा है। जिले की सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर इंटरसेप्टर वाहन की तैनाती कर दी गई है। यह हाईटेक वाहन सड़क पर दौड़ते वाहनों की स्पीड रिकॉर्ड करता है और ओवर स्पीडिंग करने वालों की पहचान तत्काल कर लेता है।कैमरों और स्पीड डिटेक्शन सिस्टम से होगी निगरानी

ट्रैफिक्र पुलिस के अनुसार इंटरसेप्टर वाहन में आधुनिक कैमरे और स्पीड डिटेक्शन सिस्टम लगाए गए हैं, जिनकी

मदद से सड़क पर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट की अनदेखी करने और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाइश भी दी जा रही है।

पुलिस का कहना है कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही किसी की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। इसी वजह से अब ट्रैफिक्र पुलिस केवल चालान काटने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि लोगों को जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए जागरूक भी कर रही है। इंटरसेप्टर वाहन के जरिए तेज रफ्तार पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके और हर सफ्र सुरक्षित बन सके। अधिकारियों का मानना है कि सुरक्षित सफ्र तभी संभव है, जब सड़क पर जिम्मेदारी और यातायात नियम दोनों साथ चलें।

पुलिस लोगों से कर रही हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील

जिले में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए ट्रैफिक्र पुलिस ने अभियान को और तेज करने की तैयारी की है। इंटरसेप्टर वाहन के जरिए ओवर स्पीडिंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मंजिल तक पहुंचने से ज्यादा जरूरी सुरक्षित घर लौटना है।

नल-जल योजना पर उठे सवाल, खोरखोसा और मावलीगुड़ा के लोग बूंद-बूंद पानी को मजबूर

लोकार्पण से पहले दरकी पानी टंकी 6 हजार ग्रामीणों पर गहराया जल संकट

- **चंदा जुटाकर पंप खरीदने की तैयारी,ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लापरवाही का लगाया आरोप**

जगदलपुर/नवप्रदेश। सरकार की नल-जल योजना गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन बस्तर ब्लाक के खोरखोसा और मावलीगुड़ा गांव में यही योजना अब सवालों के घेरे में आ गई है। करीब 6 हजार की आबादी वाले इन गांवों में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि ग्रामीणों ने अब सरकारी मदद का इंतजार छोड़ खुद चंदा इकट्ठा कर पंप खरीदने का फैसला किया है।

गर्मी बढ़ने के साथ गांव के कुएं सूखने लगे हैं और हैंडपंपों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। पानी की तलाश में महिलाओं को सिर पर बर्तन रख कई किलोमीटर दूर तक भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि नल-जल योजना के तहत बनी नई पानी टंकी और पाइप लाइन व्यवस्था से उन्हें राहत मिलेगी, लेकिन योजना शुरू होने से पहले ही पानी टंकी में दरार पड़ गई। इसके चलते अब तक गांव में जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाया। गांव में लगाए गए नल और बिछाई गई पाइप लाइनें भी बेकार साबित हो रही हैं। लगातार बढ़ती परेशानी के बीच ग्रामीण अब अपने स्तर पर समाधान निकालने में जुट गए हैं।

पूर्व सरपंच रमेश कश्यप ने कहा कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं कोटवार सीताराम ने बताया कि सरकार हर घर जल पहुंचाने का दावा कर रही है,लेकिन गांवों की स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

निर्माण कार्य में बरती लापरवाही से हुआ पानी का संकट

खोरखोसा और मावलीगुड़ा गांव में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी लोकार्पण से पहले ही दरक गई, जिससे पूरी योजना अधर में लटक गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर निर्माण कार्य की सही निगरानी होती तो आज गांव में पानी का संकट नहीं होता। बढ़ती गर्मी और सूखते जलस्रोतों के बीच ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर पंप खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है ताकि किसी तरह पेयजल की व्यवस्था की जा सके। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई और योजना की मरम्मत पर टिकी हुई है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिलेगा मजबूत नेतृत्वः किरण देव

- **सुभेंदु अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर दी शुभकामनाएं**
- **'सोनार बांग्ला' के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का जताया विश्वास**

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि श्री अधिकारी का नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जन-आकांक्षाओं को स्वर देने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अपने बधाई संदेश में कहा कि श्री अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में बंगाल भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा अमर बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा का नेतृत्व बंगाल में भयमुक्त वातावरण और सुशासन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।जताया कि भाजपा का नेतृत्व बंगाल में भयमुक्त वातावरण और सुशासन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय से सुशासन और सर्वांगीण विकास की अपेक्षा कर रही है, जिसे श्री अधिकारी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा जा सकेगा। बंगाल की अस्मिता,संस्कृति और एकात्म राष्ट्रवाद की रक्षा करते हुए राज्य विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि श्री अधिकारी का लंबा राजनीतिक अनुभव और बंगाल की माटी से उनका गहरा जुड़ाव राज्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार श्री अधिकारी के सफ्ल कार्यकाल और पश्चिम बंगाल के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

बंगाल को मजबूती करेगी भाजपा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि सुभेंदु अधिकारी का नेतृत्व पश्चिम बंगाल में भाजपा संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'सोनार बांग्ला' के सपने को साकार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में सुशासन,विकास और भयमुक्त वातावरण स्थापित करने में भाजपा की भूमिका निर्णायक रहेगी।

आत्मानंद महाविद्यालय के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

जन भागीदारी समिति की बैठक में बैडमिंटन कोर्ट, साइकिल स्टैंड और मरम्मत कार्यों पर बनी सहमति

- **पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप बोले - महाविद्यालय के उन्नयन में समिति निभाएगी सक्रिय भूमिका**

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय जगदलपुर में गुरुवार को जन भागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय के विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में महाविद्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, विद्यार्थियों के लिए आवश्यक साइकिल स्टैंड निर्माण, फर्नीचर मरम्मत, महाविद्यालय भवन के रंग-रोगन तथा परिसर में चौपाया जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक संरचना निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। सभी प्रस्तावों को समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

बैठक को संबोधित करते हुए जन भागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. सुभाऊ कश्यप ने कहा कि महाविद्यालय के विकास और उन्नयन की जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समिति के सभी सदस्यों की भी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समिति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

महाविद्यालय में सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर

जन भागीदारी समिति की बैठक में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। समिति ने महाविद्यालय परिसर को व्यवस्थित,सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। सदस्यों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और अन्य सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा महाविद्यालय की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार आएगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 70 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

बीजापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिला बीजापुर के परियोजना बीजापुर, भोपालपटनम, उसूर एवं बासागुड़ा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कुल 70 जोड़ों का विवाह विधि-विधान एवं सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया।

मुख्य आयोजन में 40 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 11 आदिवासी जोड़े, 25 हिन्दू जोड़े तथा 4 क्रिश्चियन जोड़े शामिल रहे। वहीं उसूर तहसील में 20 जोड़ों तथा बासागुड़ा में 10 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। आयोजन को सफ्ल बनाने में परियोजना अधिकारी बीजापुर एवं भोपालपटनम से कल्पना रथ तथा उसूर एवं बासागुड़ा से राजकुमार उसेंडी सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक सहयोग मिलने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामुदायिक एकता का संदेश भी दिया गया।

नक्सल सफाए के बाद नई साजिश का अलर्ट, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

- **तेलंगाना में उत्तर तालमेल कमेटी का विस्तृत पत्र जारी**

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सल उन्मूलन अभियान में लगातार मिल रही सफ्लता और बड़े कैडरों के सफाए के बाद अब नक्सली संगठन नई रणनीति के संकेत दे रहे हैं। इसी बीच तेलंगाना में उत्तर तालमेल कमेटी द्वारा जारी एक विस्तृत पत्र ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पत्र में फ्लिहाल नक्सलियों को शांत रहने और परिस्थितियों का आकलन करने की सलाह दी गई है।

जारी पत्र में नक्सली आंदोलन के पतन और मौजूदा संकट का विस्तार से जिक्र किया गया है। पत्र में दावा किया गया है कि चारू मजूमदार की मौत के बाद देश में क्रांति का कोई बड़ा केंद्र नहीं बचा था, लेकिन बाद में संगठन ने खुद को दोबारा खड़ा किया और विभिन्न क्षेत्रों में छापामार आधार क्षेत्र विकसित किए। पत्र में यह भी कहा गया है कि वर्तमान समय में संगठन कमजोर दिखाई दे रहा है, लेकिन केंद्रीय कमेटी अब भी रणनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय है और पुनर्गठन की कोशिशें जारी हैं।

प्रत्यक्ष मुकाबले के बजाय वैचारिक और रणनीतिक

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हाल के महीनों में बस्तर संभाग में लगातार चलाए गए ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली ढांचे कमजोर हुए हैं। इसी कारण संगठन अब प्रत्यक्ष मुकाबले के बजाय वैचारिक और रणनीतिक पुनर्गठन की दिशा में सक्रिय हो सकता है। तेलंगाना में जारी पत्र को इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एजेंसियां सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों पर विशेष नजर बनाए हुए हैं और खुफ्यिा तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है।

रोटरी क्लब शिविर में किरण देव, महेश कश्यप और संजय पांडे ने सुनी समस्याएं

सुशासन तिहार में जनता से सीधा संवाद, समाधान शिविर में उमड़ी भीड़

- **हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, त्वरित निराकरण और विकास कार्यों पर जोर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र के रोटरी क्लब में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा राशन कार्ड,प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, आधार कार्ड, पेयजल,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा निर्माण कार्यों से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही कई हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन चुका है, जहां लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर लोगों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं महापौर संजय पांडे ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे समाधान शिविरों की जानकारी देते हुए कहा कि संबंधित विभागों को सभी लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

शिविर में प्रवीर,विजय,शिव मंदिर,भैरम देव,सुभाष, सदर, इंदिरा और रमैया वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान हितग्राहियों को चश्मा वितरित किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपी गई।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही,योगेंद्र पांडे,संग्राम राणा, लक्ष्मण झा,त्रिवेणी रंघारी,संजय विश्वकर्मा,पार्षद पारुल बोथरा, आलोक अवस्थी,गौतम पाणिग्राही,जाहिद हुसैन,पूनम सिन्हा,कुबेर देवांगन,आशा साहू,राधिका यादव,नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर बना जनविश्वास का केंद्र

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण होने से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता दिखाई दे रहा है। राशन कार्ड, पेंशन, आवास, आधार कार्ड और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने और प्रशासन को आम जनता से सीधे जोड़ने की है। बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता को जनविश्वास और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

बड़ी प्रशासनिक सर्जरी और सामाजिक चेतना

साय सरकार में लम्बे समय बाद हुई बड़ी प्रशासनिक सर्जरी से नौकरशाही में कही खुशी कही गम का माहौल हैं। 2012 बैच की आईएएस अफसर सुश्री पुष्पा साहू का एक दिनी बदलाव सामाजिक और राजनीतिक बवंडर ले आया। एक दिन पहले कोरिया की कलेक्टर बनाई गई पुष्पा साहू को 24 घंटे के अन्दर ही वापस राजधानी ले आया गया। उनकी जगह 2016 बैच की रोक्तिमा यादव को पोस्ट किया गया है। अब सामाजिक या राजनीतिक चेतना का आलम ये है कि पहले कांग्रेस और फिर आम आदमी पार्टी (प्रदेश अध्यक्ष) से होते हुए भाजपा की दहलीज पर खड़े गोपाल साहू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुष्पा साहू की पोस्टिंग बदलने को साहू समाज की उपेक्षा कहा हैं। शायद गोपाल साहू को नहीं मालूम कि रोक्तिमा यादव भी पूर्व प्रांत संघ चालक बिसराराम यादव परिवार से हैं और उनके बेटे गजेन्द्र यादव अभी केबिनेट मंत्री है। और फिर प्रशासनिक व्यवस्था का अपना प्रोटोकाल तो है ही। वैसे भी रोक्तिमा यादव के एक बैच बाद 2017 बैच के चार डायरेक्ट आईएएस रोहित व्यास जशपुर, मयंक चतुर्वेदी रायगढ़, अमित कुमार दन्तेवाड़ा और कुणाल दुधावत कोंडागांव में पिछले एक साल से कलेक्टर हैं। सो प्रशासनिक दृष्टि के बदलाव स्वीकार्य होना चाहिए।

कही खुशी कही गम

ऐसा नहीं है कि नौकरशाही के इस भारी भरकम बदलाव से सब खुश ही है, कुछ को गम भी है लेकिन गम-ए-इजहार नहीं हो सकता सो स्वीकार्य है। पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी कलेक्टर को नगर निगम का कमिश्नर बनाया हो। बीजापुर कलेक्टर रहे सम्बित मिश्रा(2018) और रायपुर नगर निगम कमिश्नर रहे विश्वजीत (2019) को एक दूसरे से अदला बदली की गई। इसे बदलाव का नवाचार भी कह सकते है। बदलाव के तौर पर देखें तो पहली बार ऐसा हो रहा है कि आदेश जारी होने के बाद वापस भी हो रहे हैं। मसलन पिछले दिनों शासकीय कर्मियों को सामाजिक, राजनीतिक संगठनों में सक्रिय भागीदारी को लेकर निकला आदेश 24 घंटे में वापस हुआ। कमोबेश ऐसा ही पुष्पा साहू के लिए निकला कलेक्टर का आदेश 24 घंटे में रिवर्स हुआ। इससे यह तो साबित होता है कि सरकार बेहिचक अपनी त्रुटि मानकर जनअपेक्षाओ के अनुसार बदलाव कर लेती है। बहरहाल 43 अफसरों के जम्बो बदलाव से कही खुशी कही गम का माहौल है।

लेफ्ट राईट, लेफ्ट राईट, लेफ्ट राईट, जीत बंगाल में जश्न छत्तीसगढ़ में

बंगाल की जीत का जश्न छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा हैं। वैसे तो पूरे देश का राईट विंग इस जीत का जश्न मना रहा हैं। जब चुनाव बंगाल में हो तो लेफ्ट-राईट होना स्वाभाविक ही था। लेफ्ट की जमीन पर राईट का कब्जा होने पर जश्न तो बनता ही है। छत्तीसगढ़ से सत्ता और संगठन के 90 फीसदी नेता मंत्री कार्यकर्ता बंगाल में महिनों से जान हथेली पर लेकर डटे रहे और गाहे बगाहे सभा, बैठकों और अन्य राजनीतिक गतिविधियों के फोटो वीडियों सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहे। लेकिन इन सबके बीच भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल सन्तोष की बैठक का वह वीडियों खूब वायरल रहा, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं से हामी भरवाई कि डेमोक्रेसी मिडिल लाईन पर चलती हैं। स्ट्रीम लाईन को एक्सेप्ट नहीं करती। और वो मीडिल लाईन जनता का कल्याण हैं चाहे विधा कोई भी हो। सो उनका कहना है कि मीडिया में हमें कभी-कभी राईट विंग बोलते है वो हम नहीं है, क्योकि कभी हिटलर राईट विंगर था, हम नेशनलिस्ट है, राष्ट्रवादी है और आप चाहे तो इस शब्द को बंगाली में बता सकते हो। बीएल सन्तोष के उर्जा से भरे इस ओजस्वी बौद्धिक संबोधन का असर चुनाव परिणाम के रूप में धरातल पर दिखा भी। किसी भी विंग के बुद्धिजीवि को यू-ट्यूब पर जाकर बीएल संतोष का ये भाषण सुनना चाहिए। बहरहाल छत्तीसगढ़ में सत्ता और संगठन बंगाल की जीत का जश्न मना रही है और हर दूसरा, तीसरा मंत्री, कार्यकर्ता एक दूसरे और, तीसरे से अपने अनुभव शेयर कर रहा हैं।

एनएच अफसरों के फूलने लगे हाथ-पांव

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग का नया कारनामा सामने आया है। अब तक पुल और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में गड़बड़ घोटाले की कालिख एनएच के अफ्सरों पर लगती रही है। लेकिन अब लापरवाही की नई मिसाल पेश कर दी गई है। धमतरी से जगदलपुर जाने के लिये केशकाल घाटी के लिये बायपास मार्ग तैयार करने 8 हजार से ज्यादा पेड़ कांटे गए हैं। हजारों पेड़ों की कटाई के बाद पता चला कि बायपास दूसरी जगह से होकर बनेगा। यानी जहां पेड़ कटने थे, वहां नहीं कटे बल्कि दूसरी जगह पर पेड़ों की कटाई कर दी गई। वन विभाग ने पेड़ों की कटाई के मामले में पौने तीन करोड़ रुपए वसूल किये हैं। अलाइनमेंट छोड़कर दूसरी जगह कटाई होने के मामले में अब यह रकम एनएच अफ्सरों से वसूल की जा सकती है। करोड़ों की वसूली और मामले की विस्तृत जांच के निर्देश के बाद अब एनएच के अफ्सरों के हाथ पांव फूलने लगे हैं।

35 किमी का सफर और घंटों का संघर्ष

दुर्ग से रायपुर के बीच 35 किलोमीटर की दूरी तय करना आज यात्रियों के लिए किसी मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं है। विडंबना यह है कि जिस सफर को अधिकतम 45 मिनट में पूरा होना चाहिए, उसे तय करने में एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनें 2 से 2.5 घंटे का समय ले रही हैं। यह लेटलतीफी अब केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के आर्थिक संकट का कारण बन रही है। रोज सफर करने वाले कर्मचारी समय पर दफ्तर नहीं पहुँच पा रहे हैं। लगातार 'हाफ-डे' लगने और वेतन कटने से उनकी आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। घंटों तक आउटर पर ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों में हताशा और तनाव बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर उनके कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर पड़ता है। आधुनिक तकनीक और ट्रैक विस्तार के तमाम दावों के बावजूद हकीकत इन दावों से कोसों दूर है। एक्सप्रेस ट्रेनों का भी पैसेंजर की तरह चलना रेलवे प्रबंधन की विफलता को दर्शाता है। रेलवे मंडल को यह समझना होगा कि उनके लिए जो केवल 'मिनटों की देरी' है, वह एक मजदूर या मध्यमवर्गीय कर्मचारी के लिए 'रोजी-रोटी' का नुकसान है।

विधायक पर चढ़ा सत्ता का नशा

कुछ लोगों पर सत्ता का नशा ज्यादा ही चढ़कर बोलने लगता है। पद-सम्मान मिलते ही सत्ता मद में चूर होकर भाजपा की महापौर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो एक ठेले वाले को मारने की चेतावनी दे रही हैं। अब एक विधायक पर भी सत्ता का नशा चढ़ गया है। सुशासन तिहार के दौरान विधायक ने कह दिया कि रिश्वतखोर पटवारी को जूता मारेंगे। यह वीडियो वायरल होने के बाद पटवारी संघ ने सुशासन तिहार के बहिष्कार की चेतावनी दी है। जोश-जोश में फ्रंट फुट में खेल रहे विधायक अब बैकफुट पर आ गए हैं। खास बात ये है कि अब राजिम के पटवारी विधायक की पोलपट्टी खोलने पर आमादा हैं। कांग्रेसी भी बहती गंगा में हाथ धोने बेताब है।

शिक्षक बर्बाद कर रहे बच्चों का भविष्य

बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता हैं। इस लिहाज से शिक्षक देश के भविष्य निर्माता हुए। मगर छत्तीसगढ़ के हजारों शिक्षक ऐसे हैं जो बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में अच्छी-खासी तनखा पाने के बावजूद समय पर स्कूल न जाने, समय से पहले स्कूल से घर लौटने, क्लास के दौरान स्टाफरूम में गपशप करने जैसी शिकायतों के साथ अक्सर बिना अवकाश लिये छुट्टी लेने के अनगिनत मामले पकड़े जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ के 79 शिक्षकों को अगले 3 से 6 वर्ष के लिये मूल्यांकन सहित अन्य पारिश्रमिक कार्यों से बैन कर दिया गया है। इन शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षाओं में कापियां जांचते समय लापरवाही की। पुनर्मूल्यांकन के दौरान छात्रों के अंक 20 से 50 अंक बढ़ने पर यह कार्रवाई की गई। शिक्षा विभाग के अफ्सरों का एक वर्ग इन शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके की जांच के साथ-साथ शिक्षकीय क्षमता की जांच करने की मांग कर रहा है। सवाल ये है कि हर साल ट्रेनिंग के बावजूद शिक्षक कब ट्रेंड होंगे?

कांग्रेसियों का भरोसा नहीं

कांग्रेस का उच्च कमान दिल्ली में बैठकर संगठन को मजबूत बनाने जितनी माथापच्ची करते हैं, निचले स्तर पर कांग्रेस नेता पार्टी की उतनी ही दुर्गति करने में लगे है। अभी कुछ महीने पहले संगठन सृजन के जरिये पूरे देश में जिला और ब्लाक स्तर के साथ-साथ मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन का ढांचा नए सिरे से तैयार किया गया। अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऐसी सभी कमेटियों की जांच कर रही है। कई बार कांग्रेस नेताओं ने कमरे में बैठकर अलग-अलग स्तर की कमेटियां बनाकर लिस्ट भेज दी। बाद में पता चला कि लिस्ट में जिनके नाम हैं, वो भाजपा के लिये काम कर रहे हैं। कईयों को कांग्रेस कार्यकर्ता होने की जानकारी ही नहीं थी। इसीलिये, अब नई कमेटियों की जांच की जा रही है। बड़ी बात ये है कि असंतुष्ट नेता अंदरूनी स्तर पर चल रही छानबीन के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे हैं ताकि, एक-दूसरे पर भरोसा न होने के मामले को तूल दिया जा सके।

बधियाकरण, उपचार और निगरानी के साथ 48 वार्डों में चलेगा चरणबद्ध अभियान

जगदलपुर में शुरू होगा एबीसी का अभियान, ननि ने बनाई विशेष टीम

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर निगम प्रशासन ने अब ठोस पहल शुरू कर दी है। एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना के तहत नगर निगम जल्द ही विशेष बधियाकरण अभियान प्रारंभ करेगा। इस अभियान के अंतर्गत शहर के सभी 48 वार्डों में आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका बधियाकरण किया जाएगा। अभियान की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महापौर संजय पांडेय कंगोली स्थित सर्वसुविधायुक्त एबीसी सेंटर पहुंचे।

नगर निगम ने इस महत्वपूर्ण अभियान के संचालन की जिम्मेदारी चंडीगढ़ की विशेषज्ञ संस्था स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी को सौंपी है। एजेंसी की विशेषज्ञ टीम निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को चरणबद्ध ढंग से संचालित करेगी। अभियान के लिए कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं हेमंत श्रीवास, डॉ. गीतिका ध्रुव, डॉ. अजय बनिक और लुसेश जगत को समिति में शामिल किया गया है।

कंगोली में तैयार हुआ विशेष सेंटर, पकड़ने से लेकर उपचार और पुनर्वास तक होगी पूरी व्यवस्था

नगर निगम द्वारा अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने, सेंटर तक पहुंचाने और उपचार के बाद वापस उसी क्षेत्र में छोड़ने के लिए 10 कर्मचारियों की विशेष टीम तैनात की गई है। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग निगम अधिकारियों द्वारा की जाएगी। कंगोली डंपिंग यार्ड के समीप स्थापित विशेष सेंटर में कुत्तों के बधियाकरण, उपचार और देखरेख की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित कर्मचारियों और पशु कल्याण से जुड़े एनजीओ की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। उपचार के बाद कुत्तों को कुछ दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा तथा स्वास्थ्य सामान्य होने पर उन्हें पुनः उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से पकड़ा गया था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान पूरी तरह पशु संरक्षण एवं पशु कल्याण मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा ताकि किसी भी पशु को अनावश्यक परेशानी न हो। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे आवारा कुत्तों की जानकारी निदान टोल फ्री नंबर 1100 तथा स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नंबर 9425266016 पर उपलब्ध कराएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा,राणा घोष, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,संयुक्त संचालक पशु विभाग डॉ डीके नेताम,डॉ राजपूत,डॉ केके देव, राजपाल केसर तथा एनिमल वेलफेयर सोसायटी से लुसेश सहित अन्य मौजूद रहे।

शहर को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने की पहल

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करना आवश्यक हो गया था। नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर शहरी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एनीमल बर्थ कंट्रोल योजना के तहत यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल बधियाकरण अभियान नहीं बल्कि शहर को आवारा कुत्तों के भय से मुक्त कर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान संचालित करेगा और पशुओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि निगम की टीम जब वार्डों में पहुंचे तो लोग सहयोग करें,ताकि भविष्य में आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

जलसंकट: अलर्ट मोड पर नगरीय प्रशासन विभाग, निकायों को जारी हुए सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को एक सप्ताह के भीतर हैंडपंपों, बोरवेल और जलप्रदाय प्रणालियों की जांच कर आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा है।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों में पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाली पाइपलाइनों और हाउस सर्विस कनेक्शनों को स्थानांतरित करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके साथ ही प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंडों और बाजारों में प्याऊ घर खोलने तथा पशुओं के लिए भी पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया है। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने हाल ही में विभागीय समीक्षा बैठक में गर्मियों के दौरान निरंतर और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद संचालनालय ने सभी निकायों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार जिन वार्डों और बस्तियों में गर्मी के दौरान भूजल स्तर नीचे चला जाता है, उन्हें चिन्हित कर वैकल्पिक माध्यमों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगमों में आयुक्त और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को पेयजल संकट निवारण के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडपंपों में ब्लीचिंग पावडर का घोल और सोडियम हाइपोक्लोराइड का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही क्लोरीन की मात्रा का नियमित परीक्षण और आवश्यकता अनुसार ओवरहेड टैंकों में री-क्लोरीनेशन करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जल शोधन संयंत्रों, उच्च स्तरीय जलागारों और संपवेल की सिल्ट सफाई एवं डिस-इन्फेक्शन कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके अलावा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए नलकूपों और बोरवेल के पास रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा रिचार्ज पिट निर्माण पर जोर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ नियमित जल परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट संचालनालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ से भी प्याऊ घर संचालन में सहयोग लेने की बात कही गई है।

एससीआर का नया फॉर्मूला: अवैध प्लाटिंग और अव्यवस्थित बसाहटों पर लगेगी रोक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर, नवा रायपुर, दुर्ग-भिलाई और आसपास के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में अब जमीन विकास मनमाने तरीके से नहीं हो सकेगा। राज्य सरकार स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का नया ढांचा तैयार कर रही है, जिसके लागू होने के बाद बिना तय मानकों के कॉलोनी बसाना, बाजार विकसित करना और अव्यवस्थित निर्माण करना कठिन हो जाएगा। सरकार की योजना पूरे राजधानी क्षेत्र को एकीकृत मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की है। इसके तहत पहले से यह तय किया जाएगा कि किस इलाके में आवासीय कॉलोनियां विकसित होंगी, कहां उद्योग स्थापित किए जाएंगे और कौन-सी जमीन कृषि उपयोग के लिए सुरक्षित रखी जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार किसी भी इलाके में कॉलोनी, बाजार या अन्य निर्माण कार्य शुरू करने से पहले विस्तृत सर्वे कराया जाएगा। सर्वे में सड़क नेटवर्क, ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी और उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का अध्ययन किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर ही भूमि उपयोग की अनुमति दी जाएगी। प्रशासनिक स्वीकृति के बिना विकास कार्य संभव नहीं होगा। अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर रोक लगाने के लिए डिजिटल मैपिंग और ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

स्कूली बच्चों को अब मिलेगी डिजिटल शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के स्कूली बच्चे अब पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ भारतीय और स्थानीय लोक संस्कृति, कला, संगीत और परंपराओं से भी रूबरू होंगे। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी द्वारा कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'आर्ट रिपोटरी (ई-कोष)' तैयार करने की पहल शुरू की गई है।

इस पहल के तहत प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और पालकों के लिए भारतीय और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़ी डिजिटल सामग्री 24 घंटे उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम चरण में 100-100 ऑडियो, वीडियो और ई-सामग्री तैयार की जा रही है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को भारत-केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया है, जिसमें भारतीय संस्कृति, कला, परंपराओं और भाषाओं को शिक्षा के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी उद्देश्य से तैयार किए जा रहे आर्ट रिपोटरी का लक्ष्य बच्चों में सांस्कृतिक पहचान, रचनात्मकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना विकसित करना है। ई-कोष में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य, लोकगीत, संगीत, नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, सांस्कृतिक धरोहरों और पुरातात्विक महत्व के स्थलों से जुड़ी सामग्री उपलब्ध रहेगी। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय इनका अध्ययन कर सकेंगे। साथ ही ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ अभियान के तहत अन्य राज्यों की संस्कृति से भी परिचय कराया जाएगा।

आर्ट रिपोटरी में कौशल्या मंदिर, रामपथ गमन, सिरपुर मंदिर, भोरमदेव मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, तीरथगढ़ जलप्रपात और कुटुमसर गुफा जैसे ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की जानकारी भी शामिल की जाएगी। इसके अलावा ढोकरा आर्ट, टेराकोटा, बांस शिल्प, लौह शिल्प, गोदना और भित्ति चित्र जैसी लोक कलाओं को भी डिजिटल स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। संगीत और लोक परंपराओं के अंतर्गत पंथी गीत, सुवा गीत, भोजली, देवार गीत, फाग गीत, भरथरी गीत और विवाह गीतों के साथ पंथी नृत्य, राउत नाचा, गेड़ी नृत्य, काकसार नृत्य और गौर नृत्य जैसी लोक विधाओं को भी शामिल किया जाएगा।

नए मुखिया की दौड़ तेज, तीन वरिष्ठ आईएफएस अफसर चर्चा में

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के वन विभाग में इस माह बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) वी. श्रीनिवास राव के इसी माह सेवानिवृत्त होने के साथ ही नए मुखिया की नियुक्ति को लेकर रायशुमारी तेज हो गई है। विभाग और शासन स्तर पर वरिष्ठ आईएफएस अफ्सरों के नामों पर मंथन जारी है। वन महकमे में नए वन बल प्रमुख के तौर पर भारतीय वन सेवा के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के नाम सबसे अधिक चर्चा में हैं। इनमें 1992 बैच के आईएफएस अरुण पांडे, 1994 बैच के कौशलेंद्र कुमार और 1995 बैच के ओपी यादव प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं में से किसी एक नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। हालांकि विभागीय गलियारों में मौजूदा वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव को सेवा विस्तार दिए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। बेहतर प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली के चलते शासन उनके एक्सटेंशन पर भी विचार कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक यदि वरिष्ठता क्रम के अधिकारियों के नाम पर सहमति नहीं बनती है तो सरकार सेवावृद्धि का विकल्प चुन सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com